विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

सोफा, डीवान, कुर्सी, फास्ट ईजीज टेबल, कार्नर टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता
रायरा विलेज, रेलवे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सभी माल निर्माता का प्रतिष्ठान


# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा
आज का बाजार भाव
24 कैरेट : 62000/रू. प्रति 10 ग्राम
22 कैरेट : 56800/रू. प्रति 10 ग्राम
चांदी : 720/ रू. प्रति 10 ग्राम



वर्ष 34 अंक 275 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 06 जुलाई 2023 डाक 07 जुलाई 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**

गढ़चिरौली जिले में गोंडवाना विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस

**देश-विदेश**

हम मुकदमों से नहीं डरते, इस अंधेरगर्दी का अंत जल्द लालू की मोदी को ललकार, बीजेपी पर लगाए ये आरोप

**फीचर पेज**

क्या है हैप्पी हार्मोंस बढ़ाने के आसान तरीके, अगर फॉलो कर लिया तो खुश-खुश रहेंगे

# एनसीपी की लड़ाई मुंबई टू दिल्ली, राजधानी पहुंचे शरद पवार और बेटी सुप्रिया

**नईदिल्ली, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से अजित पवार की बगावत के बाद से महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज है। इस बीच आज शरद पवार दिल्ली में एनसीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कर अपनी ताकत दिखाने वाले हैं। बैठक में देशभर के एनसीपी नेताओं के जुटने की उम्मीद है। इस बीच एनसीपी प्रमुख पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं, उनके साथ बेटी सुप्रिया सुले भी मौजूद हैं। शरद पवार की इस बैठक में पार्टी के सभी पार्टी प्रमुखों और प्रदेश के नेताओं के जुटने की उम्मीद है। इस बैठक के जरिए पवार पार्टी के नेताओं को एकजुट करने की कोशिश में होंगे। पार्टी और उसके चिह्न पर अपना दावा खोने से बचने के लिए शरद पवार का यह जरूरी कदम माना जा सकता है। इस बीच बैठक से पहले ही एनडीएमसी ने एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के पोस्टर और होर्डिंग हटा दिए हैं। मौलाना आजाद रोड सर्कल और जनपथ सर्कल के पास पोस्टर हटाए गए हैं। एनसीपी में फूट के बाद बीते दिन शरद पवार और अजित पवार गुट ने पार्टी की अलग-अलग बैठक आयोजित की। दोनों नेताओं की बैठक में काफी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। हालांकि, भतीजे अजित चाचा शरद पर भारी दिखे। ऐसा इसलिए, क्योंकि अजित गुट की बैठक में एनसीपी के 53 में से 32 विधायक शामिल हुए, वहीं शरद पवार की बैठक में 16 विधायक ही उपस्थित रहे। अजित पवार को पार्टी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया और प्रफुल्ल पटेल पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने रहे। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर भी दावा ठोक दिया है।

## पीएम मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी

*नईदिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके आदर्श व सिद्धांत हर पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, महान राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद् और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। एक सशक्त भारतवर्ष के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और सिद्धांत देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। वर्ष 1901 में तत्कालीन कलकत्ता (कोलकाता) में पैदा हुए मुखर्जी स्वतंत्र भारत के पहले वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाया था।*

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने की मांग पर सुनवाई स्थगित

## मणिपुर में इंटरनेट पर बंदी के खिलाफ याचिका खारिज

**नईदिल्ली, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बिना किसी देरी के विधानसभा चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। वहीं, सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर में इंटरनेट बंद वाली याचिका भी खारिज कर दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बिना किसी देरी के विधानसभा चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। अदालत का कहना है कि अनुच्छेद 370 से संबंधित मामला 11 जुलाई को सूचीबद्ध है और वे इसके बाद ही इस याचिका पर सुनवाई करेंगे। हर्षदेव सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसमें जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल करने के लिए जल्द विधानसभा चुनाव करवाए जाने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा था कि लोगों को लंबे समय तक लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनी हुई सरकार का बनना जरूरी है जो मुद्दों के समाधान के लिए काम करे। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में बार-बार इंटरनेट बंद करने के खिलाफ मणिपुर के दो निवासियों की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। साथ ही उन्हें इस मामले पर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की आजादी दी है।मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि मणिपुर उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के पास पहले से ही यह मामला है, जिसमें एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था और यह जांच करने का निर्देश दिया गया था कि क्या राज्य में इंटरनेट बहाल किया जा सकता है।शीर्ष अदालत चोंगथम विक्टर सिंह और मायेंगबाम जेम्स द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील शादान फरासत ने कहा कि मामला मणिपुर में इंटरनेट प्रतिबंध से संबंधित है। फरासत ने लंबित मामले को वापस लेने और उसमें हस्तक्षेप करने या उच्च न्यायालय के समक्ष एक स्वतंत्र याचिका दायर करने की अनुमति मांगी है। इस पर पीठ ने कहा कि हम सभी अधिकारों और विवादों को खुला रखते हुए उन्हें ऐसा करने की अनुमति देते हैं।

## दिल्ली सरकार को राहत, केंद्रीय अध्यादेश के खिलाफ सुनवाई को तैयार हुआ सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रशासकों पर नियंत्रण के लिए लाए गए केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को केंद्रीय अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई करेगा।

# भूपेश कैबिनेट की बैठक शुरू

**रायपुर, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

सीएम हाउस में भूपेश कैबिनेट की बैठक चल रही है. केबिनेट की बैठक शुरू होने के पहले प्रदेश के उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस बैठक में अनियमित कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा होगी। वहीं मानसून सत्र समेत कई मुद्दों पर भी चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ में संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बीते कई सालों से नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, जिसमें मंत्रालयीन कार्यों में शामिल कर्मचारी भी है। लेकिन छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों के लिहाज से आज का काफी अहम माना जा रहा है. इस बैठक में सरकार छत्तीसगढ़ के संविदा और दैवेभो कर्मचारियों को लेकर बड़ा फैसला ले सकती है।

# जगदलपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो ने दरभा बीईओ के घर पर मारा छापा, भ्रष्ट अशोक चतुर्वेदी का है रिश्तेदार

**जगदलपुर, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के एंटी करप्शन ब्यूरो ने जगदलपुर में एक विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) राजेश उपाध्याय के घर छापा मारा है। खबरों के अनुसार यह अधिकारी दरभा में पदस्थ है। बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम ने सुबह पांच बजे बीईओ के घर दबिश दी है। एसीबी की टीम बीईओ के घर दस्तावेजों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि इस छापेमारी का कनेक्शन आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार मामले में फंसे अशोक चतुर्वेदी से बताया जा रहा है। खबरों के अनुसार एसीबी ने जिस बीईओ के घर दबिश दी है, वह अशोक चतुर्वेदी का रिश्तेदार है। राजेश उपाध्याय पिछले लगभग पांच साल से दरभा में खंड शिक्षा अधिकारी है।

इसके पूर्व तोकापाल में बीआरसी थे। उम्र लगभग 56 साल है। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम अशोक चतुर्वेदी को एसीबी ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। एसीबी ईओडब्ल्यू की टीम ने पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व जीएम चतुर्वेदी को आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले से गिरफ्तार किया है। अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज हैं। कोर्ट में जमानत खारिज होने के बाद से फरार चल रहे थे।

# अगस्त में राहुल गांधी शहडोल से कर सकते हैं चुनावी दौरे की शुरुआत

**शहडोल, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक जुलाई को शहडोल जिले के लालपुर और पकरिया गांव में आदिवासी वोटरों को साधने की कोशिश की थी और बड़ा कार्यक्रम हुआ था। इसके बाद अब कांग्रेस ने भी अपने नेता राहुल गांधी को शहडोल से चुनावी दौरे की शुरूआत करने के लिए तैयार कर लिया है।माना जा रहा है कि अगस्त में राहुल गांधी शहडोल में एक बड़ी सभा कर सकते हैं। जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र में यह सभा हो सकती है। कांग्रेस ने अंदर ही अंदर इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को शुरू भी कर दिया है। मध्य प्रदेश में आगामी नवंबर में चुनाव होना है जिसको लेकर अब कांग्रेस पूरी ताकत के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मध्य प्रदेश के दौरे की शुरूआत कर सकते हैं। जहां भारतीय जनता पार्टी आदिवासी वोटर्स को साधने के लिए नए नए कार्यक्रम लेकर आ रही है तो वही कांग्रेस भी खुद को पीछे रखने के मूड में नहीं है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी अगस्त में शहडोल आ सकते हैं जिसकी तारीख तय होना है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं को भी राहुल गांधी की सभा की तैयारियों निर्देश दे दिए गए हैं। रवि सक्सेना, मुख्य प्रवक्ता, मध्यप्रदेश कांग्रेस भोपाल बोले- यह तो तय है कि राहुल गांधी शहडोल आएंगे पर अभी अगस्त में उनकी तारीख तो तय करना बाकी है। हम प्लान कर रहे हैं और जल्दी ही तारीख बताएंगे कि कब दौरा निश्चित हुआ है।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर्स के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी, विदेश में छिपे हैं आरोपी

***नईदिल्ली, 06 जुलाई [एजेंसी]।***

*इंटरपोल ने दो गैंगस्टर्स के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। जिन गैंगस्टर्स के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है, उनमें विक्रमजीत सिंह और कपिल सांगवान का नाम शामिल है। विक्रमजीत सिंह के जहां संयुक्त अरब अमीरात और कपिल सांगवान के ब्रिटेन में छिपे होने की आशंका है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ जांच एजेंसियों का शिकंजा कसता जा रहा है। इसी के तहत गैंग के सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। लॉरेंस बिश्नोई का नाम हाल के समय में कई बड़े हत्याकांड में सामने आया है। ऐसे में बिश्नोई और उसके गैंग के खिलाफ चल रहे मामलों की जांच एनआईए को सौंपी गई है। लॉरेंस बिश्नोई कई सालों से जेल में बंद है लेकिन वह जेल से ही अपना नेटवर्क चलाता है और उसके कई सहयोगी उसके इशारे पर विभिन्न हत्याकांड को अंजाम देते हैं। विदेश में बैठा गैंगस्टर गोल्डी बराड़ लॉरेंस बिश्नोई गैंग को संचालित कर रहा है और मशहूर गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी इसी गैंग का नाम सामने आया था।*



# सीधी केस में पीड़ित से मिले सीएम शिवराज, पैर धोकर किया सम्मान, मांगी माफी

**भोपाल, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

सीधी कांड के पीड़ित आदिवासी से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मुलाकात की। पीड़ित दशमत रावत सुबह तकरीबन 10 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री चौहान ने पैर धोकर उनका सम्मान किया। सीएम शिवराज ने सीधी में दशमत के साथ हुई घटना पर दुख व्यक्त किया कहा कि इससे मन द्रवित है। मुख्यमंत्री ने दशमत से उस घटना के लिए माफी भी मांगी। उधर, सीधी कांड को लेकर लगातार सियासत गरमा रही है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सीधी जिले में आदिवासी समाज के युवक के ऊपर लघुशंका करने के कृत्य को अमानवीय, घृणित और बेहद शर्मनाक बताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि भाजपा राज में आदिवासी हितों पर केवल कोरी बातें और दावे हो रहे हैं।

आदिवासियों पर अत्याचार रोकने के लिए सरकार ठोस कदम क्यों नहीं उठाती। इसी मामले पर राहुल गांधी ने भी ट्वीट किया है। वहीं सीधी जिले में आरोपित के घर का अवैध हिस्सा बुलडोजर से ध्वस्त करने के बाद सीएम शिवराज ने भी ट्वीट किया। रूरत पड़ी तो मामा जी अपराधियों को 10 फुट जमीन के नीचे भी गाड़ देंगे। इस बारे में सीएम ने ट्वीट भी किया है।

# राम मंदिर की सुरक्षा सीआईएसएफ के जवान करेंगे, सुरक्षा का फुलप्रुफ मास्टर प्लान तैयार!

**अयोध्या, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का उद्घाटन जनवरी 2024 में तय हो गया है. देश भर के लगभग पांच लाख मंदिर अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा (मूर्ति प्रतिष्ठा) से कम से कम 10 दिन पहले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार, इन आयोजनों में नाम-संकीर्तन (पवित्र नामों का सामूहिक जप) शामिल होगा। राय ने संवाददाताओं से कहा, आरएसएस के पास ऐसे बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित करने का अनुभव है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए हर कोई अयोध्या नहीं आ सकता। आरएसएस देश भर में लगभग पांच लाख मंदिरों में नाम-संकीर्तन और अन्य कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा, ये आयोजन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से कम से कम 10 दिन पहले शुरू होंगे। देश में लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतें हैं और लगभग सभी में एक मंदिर है। देश भर के सभी जिलों के अन्य 2.5 लाख मंदिर पूरे देश को राममय बनाने के लिए ये कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

ट्रस्ट यह भी विशेष निर्देश देगा कि सड़कों या शहर के चौराहों पर कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा आधुनिक तकनीक से लैस होगी। सुरक्षा का ऐसा खाका खींचा जा रहा है जिससे रामलला के भक्तों को असुविधा न हो. मंदिर के सुरक्षा प्लान की तैयारी का जिम्मा सीआईएसएफ के हवाले कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक सीआईएसएफ के डीजी सहित दूसरे अधिकारियों ने हाल ही में राम मंदिर परिसर का दौरा किया था। सीआईएसएफ की कंसल्टेंसी विंग इस पूरे प्लान को तैयार करेगी। अगले साल जनवरी में मंदिर के उद्घाटन से पहले सीआईएसएफ अपना सुरक्षा का ताना-बाना यहां पर तैयार कर लेगी।

# मेट्रो में नाचते कांवरियों का वीडियो वायरल

**नईदिल्ली, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

दिल्ली मेट्रो ट्रेन के अंदर नाचते हुए कांवड़ियों के एक समूह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे रेल प्रशासन को चेतावनी जारी करनी पड़ी है। छोटी क्लिप में, पारंपरिक भगवा पोशाक पहने कांवरियों को भगवान शिव को समर्पित एक गीत की धुन पर नाचते हुए देखा जा सकता है। पिछले कई महीनों में सोशल मीडिया पर आए दिल्ली मेट्रो या उसके परिसर के अंदर बनाए गए कई वीडियो ने विवादों को जन्म दिया है और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया साइटों पर काफी सुर्खियां बटोरने वाले नवीनतम वीडियो पर एक बयान में कहा, हम अपने यात्रियों से मेट्रो से यात्रा करते समय अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने का अनुरोध करते हैं। सभी यात्रियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके व्यवहार से साथी यात्रियों को कोई असुविधा न हो। डीएमआरसी के उड़न दस्ते ऐसी गतिविधि का पता लगाने के लिए नियमित रूप से पूरे नेटवर्क में यात्रा करते हैं, ट्रांसपोर्टर ने कहा।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# दिल्ली-एनसीआर में शुरू हुई बारिश, दिन में दिखा रात जैसा नजारा

**नईदिल्ली, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। सुबह से ही यहां घने बादल छाए हुए हैं और कई जगहों पर बिजली कड़क रही है। राष्ट्रीय राजधानी में अचानक तेज बरसात हुई। बारिश की वजह से दिल्ली वासी को उमस से राहत मिली। दिल्ली के लिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि पूरे एक सप्ताह यही हाल रहेगा कभी हल्की और कभी तेज वर्षा अगले सप्ताह भी जारी रहेगा। इस बीच, गुरुवार की सुबह दिल्ली के कुछ इलाकों में झमाझम बारिश हुई और मौसम सुहाना देखा गया। दिल्ली में अगले छह दिन हल्की वर्षा होती रहेगी। शनिवार को तेज बरसात हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों में दिल्ली के तापमान में कमी भी देखने को मिलेगी। उत्तर प्रदेश में मानसून ने जबसे दस्तक दिया है तबसे राज्य में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 6 जुलाई को पश्चिमी यूपी में अनेक स्थान पर गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है, जबकि पूर्वी यूपी में कुछ स्थान पर ही गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इसी तरह 7 जुलाई को भी पश्चिमी यूपी में गरज चमक के साथ बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है, इस दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर ही गरज चमक के साथ बरसात होने की संभावनाएं है। 8 जुलाई को पश्चिमी यूपी के कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है इस दौरान पूर्वी यूपी में भी भारी बारिश होने की उम्मीदें बनी हुई है। इसके अलावा 9 जुलाई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगभग सभी स्थानों पर गरज और चमक के साथ बरसात हो सकती है।

## हेडमास्टर को एसडीएम और बीईओ ने रंगे हाथों पकड़ा, दारू पीकर पड़ा था स्कूल में

**बस्तर।** जिले के लोहंडीगुड़ा में नशे की हालत में पकड़े गए प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ बस्तर के कई इलाकों में इस तरह की शिकायतें सामने आती हैं, जहां शिक्षक नशे की हालत में न केवल स्कूल पहुंचते हैं बल्कि सहकर्मी शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों को भी परेशान करते हैं। ऐसे ही मामले की शिकायत पर लोहंडीगुड़ा के एसडीएम और बीईओ चंद्रशेखर इरिक पाल स्कूल जांच करने पहुंचे। यहां निरीक्षण के दौरान प्रधान अध्यापक नशे में धुत पाया गया। तुरंत ही संबंधित प्रधानाध्यापक को नजदीकी अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ले जाया गया और इसके साथ प्रधानाध्यापक को निलंबन के लिए प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा गया है।

गौरतलब है कि ग्रामीण इलाकों में खुलेआम शराब बिक्री और शराब के शौकीन शिक्षकों की वजह से स्कूली शिक्षा अक्सर प्रभावित होने की शिकायतें आती रहती हैं।

# बरसात के मौसम में बीमारियों से रहें सावधान मच्छर व जल जनित रोगों की बढ़ जाती है संभावना

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अपनाएं उचित उपाय, सेहत पर नहीं पड़ेगा बारिश का असर

**कोरबा।** मानसून शुरू होने के साथ ही मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता है। जिसके अंतर्गत मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, वायरल बुखार, फंगल इन्फेक्शन, हेपेटाइटिस और टायफाइड जैसी बीमारियां शामिल हैं। बरसात के मौसम में तापमान में उतार-चढ़ाव होने से बैक्टीरिया का प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ता है जिससे वह सर्दी या फ्लू का शिकार हो जाता है। बच्चों से लेकर बड़ो तक किसी भी आयु के व्यक्ति को मौसमी बीमारियां हो सकती है। इस हेतु बरसात के मौसम में अपने शरीर को सुरक्षित रखने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो एवं बीमारियों से हमारे शरीर की रक्षा करे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मानसून में कई तरह के मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि का खतरा काफी बढ़ जाता है साथ ही दूषित जल से हैजा, टाईफाईड, हेपेटाईटिस ए जैसी गंभीर बीमारियों से संक्रमित होने का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में मलेरिया से अधिक लोग ग्रस्त रहते हैं। बारिश के दिनों में गड्ढों में भरे हुए पानी मच्छरों के प्रजनन के लिए उपयुक्त होता है। इस मौसम में संक्रमित मच्छरों के काटने के कारण मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। डेंगू एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। ये दोनों ही बीमारियां गंभीर स्थिति में पहुंचने पर जानलेवा भी हो सकती हैं। इसलिए इनसे बचाव के लिए मच्छरों को पनपने से रोकना चाहिए। घर के आसपास जल जमाव नहीं होने देना चाहिए। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। बुखार, उल्टी, दस्त जैसी समस्या होने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की सलाह से ही दवाईयों का सेवन करना चाहिए।इसी प्रकार हैजा (डायरिया) एक जलजनित संक्रमण है जो शरीर में कालरा फैलाता है इस रोग के होने पर दस्त व डिहाईड्रेशन की समस्या हो सकती है। डायरिया संक्रामक रोग है जो सभी विकासशील देशों में व्यापक है। यह तीन साल से कम उम्र के बच्चों को हर साल औसतन तीन बार होता है। डायरिया कुपोषण का एक प्रमुख कारण होता है एवं कुपोषित बच्चों को डायरिया से बीमार पड़ने की संभावना अधिक रहती है। टाईफाइड बुखार दूषित भोजन व पानी से होता है। हेपेटाईटिस-ए का संक्रमण दूषित पानी व भोजन के कारण होता है। यह बीमारी लिवर को अधिक प्रभावित करती है। बारिश में खुजली, जलन और रूखी त्वचा संबंधी रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है।कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा तथा सीएमएचओ ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि बदलते मौसम के मद्देनजर सभी लोगों को अपनी सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जरा सी भी लापरवाही बीमार कर सकती है। हम सभी आवश्यक सावधानी बरत कर बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं तथा किसी व्यक्ति को मलेरिया, डायरिया, टाईफाईड, हेपेटाईटिस तथा त्वचा रोग संबंधी लक्षण होने पर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपना उपचार अनिवार्य रूप से कराएं। साथ ही जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण कर जल जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के उपाय के संबंध में आमजनों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करें। जिससे मौसमी बीमारियों से क्षेत्र की जनता को बचाया जा सके। बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव के उपाय :- संक्रमित बीमारियों से बचने हेतु सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के साथ ही खाने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन से अनिवार्य रूप से हाथ धोना चाहिए। इसी प्रकार नाखूनों को हमेशा छोटा व साफ रखकर, पानी को उबाल एवं छान कर पीना पीना चाहिए, सीधे नल का पानी नहीं पीना चाहिए। बाहर के स्ट्रीटफूड खाने के बजाय घर का बना भोजन का सेवन करना चाहिए। साथ ही अत्यधिक मसालेदार भोजन का सेवन से बचना चाहिए। सब्जियों तथा फलों को धोकर उपयोग करें। कटे फल, दही, रायता जैसे कच्चे भोजन खाने से बचें। संक्रमण व बीमारियों से बचने के लिए अदरक, तुलसी, काली मिर्च, दालचीनी, इलायची की चाय बनाकर पीनी चाहिए। मानसून में त्वचा संबंधी रोग से बचाव के लिए बारिश में भीगने पर तुरंत कपड़े बदल लेने चाहिए। अधिक देर बारिश में न रहें तथा त्वचा को सूखा रखें।

# नैनो यूरिया लेने किसानों में बढ़ा रुझान, समितियों के माध्यम से किया जा रहा वितरण'

**कोरबा ।** मानसून के आगमन के साथ ही जिले के किसान खेती-किसानी के कार्य में व्यस्त हो गए हैं। जिले में धान सहित अन्य फसल किसान खरीफ सीजन में लेते हैं। शासन द्वारा किसानों को समय पर खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट वितरण की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा द्वारा भी अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि जिले के किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उनके द्वारा खाद-बीज वितरण एवं भण्डारण की जानकारी भी लगातार ली जा रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कोरबा के नोडल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद का भण्डारण है। जिले के किसानों को समय पर खाद का वितरण किया जा रहा है। यूरिया दानेदार के वैकल्पिक रूप में नैनो यूरिया समितियों में भण्डारित है। इसे प्राप्त करने किसानों द्वारा रूचि भी दिखाई जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2023 अंतर्गत कोरबा जिले में 10200 मीट्रिक टन रासायनिक खाद लक्ष्य के विरुद्ध 84 प्रतिशत खाद का भण्डारण 41 सहकारी समितियों में अब तक किया जा चुका है। साथ ही जिले में यूरिया दानेदार के वैकल्पिक रूप में नैनो यूरिया (लिक्विड) 5700 लीटर भण्डारित किया गया है. यूरिया दानेदार के वैकल्पिक रूप में उपलब्ध नैनो यूरिया (लिक्विड) के प्रति किसानों का रूझान बढ़ रही है। समितियों में पर्याप्त मात्रा में सभी रासायनिक खाद उपलब्ध है, जिसका उठाव कृषकों द्वारा अपनी सुविधा एवं आवश्यकता अनुसार किया जा रहा है, जिन समितियों में यूरिया एवं अन्य खाद की कमी है उन समितियों में भंडारण हेतु आरओ/डीडी जारी करवाये जा रहे हैं। इससे पहले विगत वर्ष इसी समय तक 68 प्रतिशत खाद भण्डारित था, जबकि वर्तमान में लक्ष्य के विरूद्ध 84 प्रतिशत खाद का भण्डारण समितियों में अब तक किया जा चुका है। किसी कृषक को खाद नही मिलने जैसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।जिले के खाद संग्रहण केंद्र (डबल लॉक सेंटर) कटघोरा में 1389 टन, उरगा संग्रहण केंद्र में 2093 टन यूरिया संग्रहण की गई थी। जिसमें कटघोरा में 1135 और उरगा में 2014 टन वितरित किया जा चुका है। इसी तरह डीएपी कटघोरा एवं उरगा संग्रहण केंद्रों में 1360 टन भण्डारित की गई थी। जिसमें से 1145 टन विक्रय किया गया है।

## सोसायटी का प्रतिभा सम्मान समारोह 15 को

**कोरबा।** एसईसीएल एम्पलाइज को-ऑपरेटिव थ्रिफ्ट क्रेडिट सोसायटी कोरबा की 15 जुलाई को पहले सत्र में सभा व दूसरे सत्र में प्रतिभा सम्मान समारोह एसईसीएल कोरबा एरिया के जेआरसी क्लब में आयोजित की जाएगी।

अध्यक्ष निर्मल सिंह राज ने बताया कि सोसायटी के सदस्यों के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा, जो शैक्षणिक सत्र 2021-22 में 10 व 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल किया है।

## राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु नामांकन 15 अक्टूबर तक

**कोरबा ।** भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्रदान की जाती है। जिले के ऐसे बालक-बालिका जिनके द्वारा अपनी जान की परवाह किए बैगर दूसरे की जान बचाने हेतु किए गए बहादुरी के अनुकरणीय कार्य से संबंधित नामांकन प्रस्ताव जिलास्तर से आमंत्रित किए गए है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से मिली जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2023 के पूर्व, भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली को प्रेषित किया जाना है। इस हेतु जिले के राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु पात्रताधारी बालक-बालिका आवश्यक अभिलेखों व दस्तावेजों के साथ 15 अक्टूबर 2023 तक वेबसाईट में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदन की एक प्रति संबंधित परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना समस्त महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा को उपलब्ध कराएं। पुरस्कार एवं आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट में अथवा कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है।

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सज़ा

कोरबा। किशोरी से दुष्कर्म के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना करीब 3 साल पहले हुई थी। आरोपी विशाल सोनी ने शहर के एक मॉल में सहेलियों के साथ पहुंची किशोरी से बहाना कर उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया था। इसके बाद वह लगातार बात करते हुए किशोरी से दोस्ती की। किशोरी को शहर के करीब मंदिर बुलाकर वहां उसकी मांग में सिंदूर भर दिया और अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया था, जिसे सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देते हुए उससे दुष्कर्म करता रहा।

# चिटफंड कंपनी के निवेशकों को धनराशि वापस दिलाने जिला प्रशासन सतत् प्रयासरत

## ठगी करने वाले कंपनियों की संपत्ति कुर्क कर निवेशकों को वापस की जा रही धनराशि

**कोरबा ।** प्रदेश सरकार की मंशानुसार जिले में चिटफण्ड कंपनी के निवेशकों की धनराशि वापस दिलाने हेतु जिला प्रशासन सतत् प्रयासरत् है। ठगी करने वाली चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध निरंतर कठोर कार्रवाई एवं उनकी सम्पत्तियों को कुर्क कर निवेशकों को राशि वापस की जा रही है। कोरबा तहसील के ग्राम कोरबा में बी. एन. गोल्ड रियल स्टेट एण्ड एलाइड लिमिटेड की पटवारी हल्का नंबर-16 में स्थित भूमि जिसका कुल खसरा नंबर 188/1/क/1 है।

उक्त स्थित भूखण्ड 16 एवं 16बी में निर्मित दुकानों के अंतर्गत दुकान क्रमांक 16 जिसका क्षेत्रफल 23'11''म 12'08'' वर्गफीट एवं दुकान कमांक 17 क्षेत्रफल 24'07''म13'02'' वर्गफीट है। इन दुकानों को विशेष न्यायाधीश (सीजीपीडीआई) कोरबा के दाण्डिक एम.जे.सी. क्रमांक 21/2022 में 15 नवंबर 2022 को पारित आदेश के अनुसार अल्यांतिक आदेश पारित किया गया है। जिसके फलस्वरूप जिला दण्डाधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा 21 नवंबर 2022 को आदेश पारित कर तहसीलदार कोरबा को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित किया गया। तहसीलदार कोरबा द्वारा उक्त भूखण्ड की 17 लाख 81 हजार रूपए में नीलामी की कार्यवाही पूर्ण की गई है। नीलामी की राशि को निर्देशानुसार हितग्राहियों को वितरित किया जाना है। तहसीलों से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त कंपनी में जिले के 2394 निवेशकों द्वारा राशि निवेशित की गई है। जिसके निवेशकों को भुगतान की कार्यवाही किया जाना है। इसी प्रकार सर्वमंगला प्रापर्टी इंडिया लिमिटेड के निवेशकों को राशि वितरित किया जाना है।अपर कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को बी. एन. गोल्ड रियल स्टेट एण्ड एलाइड एवं सर्वमंगला प्रापर्टीज इंडिया लिमिटेड के निवेशकों की आवश्यक जानकारी आगामी 03 दिवस के भीतर प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। जिसके अंतर्गत निवेशकों की कंपनी में निवेश किए जाने संबंधी मूल बाण्ड पेपर व निर्देशित राशि का मूल रसीद पत्र, आधार कार्ड की सत्यापित प्रतिलिपि, बैंक खाता क्रमांक व आईएफएससी कोड, पासबुक मुख्य पृष्ठ की सत्यापित प्रति एवं मोबाईल नंबर शामिल हैं। उन्होंने उक्त जानकारी प्राप्त करने हेतु तहसील कार्यालय में पृथक से काउंटर की व्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा है। साथ ही पूर्व में उक्त कंपनियों के छूट हुए निवेशकों से मूल बॉण्ड पेपर प्रस्तुत करने की स्थिति में उन्हें भी सूची के अंत में शामिल कर इस आशय का रिमार्क अंकित करने के निर्देश दिए हैं एवं एक बैंक के खाताधारक सभी निवेशकों की सूची में एंट्री पश्चात दूसरे बैंक के खाताधारकों की एंट्री प्रारंभ की जाएगी। अपर कलेक्टर ने निवेशकों की डाटा एंट्री में किसी प्रकार की त्रुटि न हो इस बात का विशेष ध्यान देने के लिए कहा है तथा समय सीमा में एंट्री कार्य पूर्ण कर जानकारी सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में कार्यालय कलेक्टर नाजरात शाखा को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 11 जुलाई को

**कोरबा ।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आगामी 11 जुलाई 2023 को शाम 04 बजे कलेक्टर श्री संजीव झा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा, वर्ष 2023-24 में खरीफ एवं रबी सिंचाई का लक्ष्य, खाद, बीज की उपलब्धता तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने समिति के सभी सदस्यों से उक्त बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# रिसदी वार्ड में बुनियादी समस्याओं को हल नही करने पर लोगों ने घेरा जोन कार्यालय

**कोरबा।** कोसाबाड़ी जोन में भाजपा पार्षदों के वार्ड में प्रर्याप्त विकास कार्य व समस्याओं का निराकरण नहीं होने का आरोप लगता रहा है। क्षेत्र के वार्ड-32 रिसदी के पार्षद अजय गौड़ ने भी नगर निगम पर अपने वार्ड में भेदभाव करते हुए पार्षद मद से भी विकास कार्य नहीं किए जाने का आरोप लगाया है।जिसे लेकर पार्षद अजय गौड़ ने भाजपा कोसाबाड़ी मंडल के पार्षद दल व वार्डवासियों के साथ बुधवार को नगर निगम के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय का घेराव कर दिया। जिससे जोन कार्यालय में पदस्थ नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी अंदर फंसे रहे। बाहर गेट पर वार्ड की महिलाएं तख्तियां हाथ में लेकर प्रदर्शन करती रही। करीब 4 घंटे तक घेराव जारी रहा। बाद में वहां चर्चा के लिए पहुंचे निगम अधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। साथ ही 30 दिवस के भीतर विकास कार्य शुरू नहीं होने पर आगे भूख हड़ताल पर बैठकन विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिंह, पूर्व

महापौर जोगेश लांबा, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, महामंत्री संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री दिनेश वैष्णव, पार्षद ऋतु चौरसिया, चंद्रलोक सिंह, निखिल शर्मा, नारायण दास महंत, द्रोपती वर्मा , सुकंदी यादव समेत भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। जोन कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करते पार्षद व वार्डवासी। लंबे समय से परेशान, कई बार लिखा पत्र पर अधिकारी समस्या पर नहीं दे रहे ध्यान वार्ड-32 रिसदी के पार्षद अजय गौड़ के मुताबिक उनके द्वारा 3 साल से लगातार अपने क्षेत्र की समस्याओं व विकास कार्य के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम को पत्र लिखकर अवगत कराया जाता रहा है।लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। यहां तक की पार्षद मद से दूसरे वार्ड में विकास कार्य हुए लेकिन उनके वार्ड में नहीं। 3 साल से वे और वार्डवासी परेशान है। इसलिए नगर प्रशासन को जगाने जोन कार्यालय का घेराव किया गया। आगे विकास कार्य नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## संविदा कर्मियों ने रंगोली बनाकर रखी अपनी बात

**कोरबा।** शहर के आईटीआई चौक पर नियमितीकरण की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी अनिश्चिकालीन हड़ताल पर बैठे हैं, जिससे सभी सरकारी विभागों के काम प्रभावित हो रहे हैं। हड़ताल में शामिल संविदा कर्मी विभिन्न कार्यक्रम के जरिए शासन-प्रशासन तक अपनी मांग पहुंचा रहे हैं।

बुधवार को तीसरे दिन संविदा कर्मियों की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही। सुबह से धरना चलता रहा। शाम को संविदा कर्मियों ने आंदोलन स्थल पर रंगोली बनाकर उसमें नियमितीकरण का संदेश लिखकर अपनी मांग रखी।

# दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे स्वास्थ्य कर्मी

**कोरबा।** एक ओर अनियमित कर्मचारी हड़ताल पर है तो दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के नियमित कर्मचारी भी छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले 24 सूत्रीय मांग को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल गए हैं। जिले में करीब 2 हजार कर्मचारी हड़ताल शामिल है। स्वास्थ्य कर्मचारी जिला मुख्यालय में तानसेन चौक के पास पंडाल लगाकर धरना-प्रर्दशन में बैठे हैं।

बुधवार को दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रहा। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एमएस चौहान ने बताया कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों व प्रशिक्षुओ के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था अस्पतालों में की जा रही है लेकिन इससे व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मुख्य रूप से लैब जांच व एक्सरे-सोनोग्राफी नहीं हो पा रही है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी चिकित्सा सुविधा पर असर पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन करते स्वास्थ्य कर्मचारी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने कोरबा में हुआ कार्यक्रम, दिए गए टिप्स

## कांग्रेस के सोशल मीडिया और बुथ मैनेजमेंट पर जोर

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ ,वार्ड एवं जोन स्तर पर कांग्रेसियों को चुनाव के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि विपक्षी दलों द्वारा फैलाये जा रहे भ्रामक प्रचार पर वार किया जा सके। आज कोरबा विधानसभा क्षेत्र के बूथ, वार्ड एवं जोन स्तर के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर रखा गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल जुड़ कर उपस्थित प्रशिक्षण सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा जनता के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है और उन्हे गुमराह किया जा रहा है। हम विपक्षी दलों के भ्रामक प्रचार को कामयाब नही होने देंगे और सोशल मीडिया और मैनेजमेंट को बूथ स्तर तक मजबूत बनाकर हम उन पर वार करेंगे और जनता को बतायेंगे कि साढ़े चार साल में हमारी सरकार ने योजनाओं को धरातल पर लाकर दिखाया, जिससे प्रदेश की चहुंओर खुशहाली की बयार चल पड़ी है। उन्होने भाजपा के 15 साल के कार्यकाल को लूट का कार्यकाल बताया और कहा कि आज गांव, गरीब, किसान सबकी समृद्धि बढ़ी है और सभी खुशहाल हैं। हमें प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर जाकर प्रचार करना है और जनता को गुमराह नही होने देना है।राजस्व मंत्री एवं कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि न्याय योजनाओं से सबको न्याय

मिला और भूपेश सरकार ने गांव गांव में रोजगार का सृजन कर महिला सशक्तिकरण को बल दिया। यह ऐसी सरकार है जो गोबर और गौ-मूत्र को खरीदकर आम जनता को खुशहाल बना रही है। छ.ग. सरकार की योजनाएं देश में मॉडल बनकर उभरी हैं। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता संगठन में रीढ़ की हड्डी का काम करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी, बूथ, वार्ड एवं जोन स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और चुनाव मैनेजमेंट के गुर सीखे। ब्रम्हदेव ठाकुर ने कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डाला। बृजेश शर्मा ने बुथ प्रबंधन पर प्रकाश डाला। वीरेन्द्र शुक्ला ने सोशल मीडिया के उपयोग के तरीके बताएं। अपराजित तिवारी ने बीजेपी व आरएसएस के गलत नीतियों को बताया। जिशाक अहमद ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के महत्वपूर्ण व जनहितैषी योजनाओं को बताया।

प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से राजकिशोर प्रसाद, श्याम सुंदर सोनी, सुरेन्द्र जायसवाल, सपना चौहान, सत्येन्द्र वासन, धुरपाल सिंह कंवर, कुसुम द्विवेदी, राकेश पंकज, विकास सिंह, प्रदीप पुरायणे, पार्षद रवि चंदेल, धरम निर्मले, संतोष लांझेकर, रूपा सिंह, दिनेश सोनी, सुनीता मुकेश राठौर, सुकसागर निर्मलकर, अनुज जायसवाल, राजेन्द्र सुर्यवंशी, प्रदीप राय, गीता बद्री किरण, सुनील पटेल, रोपा तिर्की, मस्तुल कंवर, बसंत चन्द्रा, कृपाराम साहू, देवीदयाल सोनी, शैलेन्द्र सिंह, एस. मुर्ति, महेश अग्रवाल, अजय जायसवाल, अवधेश सिंह, रूपा मिश्रा, आरिफ खान, रामगोपाल यादव, बच्चु मखवानी, सनतदास दीवान, आशीष अग्रवाल, दुष्यंत शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, जयप्रकाश अग्रवाल, भुनेश्वर राज, चन्द्र कुमार निर्णिजक, विनित एक्का, राजू बर्मन, आनंद पालीवाल, विजय अग्रवाल, अरूण यादव, मनीराम साहू, पुराणदास महंत, गजानंद साहू, रश्मि सिंह, रूबी तिवारी, नारायण कुर्रे, बृजभूषण प्रसाद, अशोक लोध, राकेश यादव, देवीदयाल तिवारी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रमेश नवरंग, हाजी इकबाल दयाला, आर.के. नामदेव, जयपाल सिंह, केशर सिंह राजपूत, रतन यादव, गोपाल कुर्रे, यशवंत चौहान, भुनेश्वर दुबे, छतपाल सिंह, मनकराम साहू, मिर्जा तस्लीम बेग, कुलदीप चन्द्रा, परदेश राम, राकेश देवांगन, कन्हैया राठौर, बद्री साहू, मुकेश लहरी, कुंजबिहारी साहू, चन्द्र कुमार पाण्डेय, बी. लकड़ा, ए. टोप्पो, एम. कुजुर, अश्वनी पटेल, मोहित चन्द्रा, बिसाहू दास, सुनील निर्मलकर, बंटी अग्रवाल, दर्शन दीवान, दिपक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, ए.डी. जोशी, गिरधारी बरेठ, सीताराम चौहान, मुख्तार अलि, रामनरायण साहू, मोहित चन्द्रा, अमीन अंसारी, अमीत सोनी, रामकुमार राठौर, अनवर रजा, संजीव अग्रवाल, देवकीनंदन सिंह, अब्दुल अजीज खान, मंशादास, अभिनव तिवारी, जगन्नाथ थवाईत, माखन पालेकर, सिकंदर मेमन, मोहन लाल केशरी, ओम पटेल, गायत्री नायक, नंदा फड़तरे, तुलसी केंवट, आशा जोशी, माधुरी ध्रुव, शशी अग्रवाल, सुनीता तिग्गा, मनीषा अग्रवाल, शबनम परवीन, सीमा कुर्रे, ज्योति राजपूत, शमशाद बेगम, मालती गभेल, इंदिरा नवरंग, राधा मेहरा, पुष्पा यादव, ममता अग्रवाल, झलकुंवर, सरस्वती कंवर, सावित्री राठौर, नफिसा हुसैन, नीशा अग्रवाल, हरनारायण राठौर, पवन विश्वकर्मा, डॉ. एल.पी. साहू, हरिशंकर कंवर, संजय कंवर, विवेक श्रीवास, कमलेश गर्ग, सत्यप्रकाश, अमरूदास महंत, ओमप्रकाश महंत, नुर आबदीन, सुनील ठाकुर, शालु पनरिया, ज्योति सहू, लक्ष्मी मरकाम, अनिता राय, अकतरी बेगम, राजा क्षत्रीय, दीपक राठौर, प्रेमलता बंजारे, दिव्या चौहान, प्रभात कंवर सहित भारी संख्या में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलीत किया गया तत्पश्चात् राज्यगीत अरपा पैरी के धार और राष्ट्रगीत वंदेमातरम गाया गया। कार्यक्रम के अंत में सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं सपना चौहान ने अभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान जन-गण-मन के साथ शिविर का समापन किया गया।

## अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी के विरूद्ध मुलमुला पुलिस की कार्यवाही

**चांपा।** मुखबीर द्वारा सूचना मिला की ग्राम नरियरा में सतीश कुमार घुतलहरे उर्फ गोलू के द्वारा अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है, मौके पर जाकर घेरा बंदी कर आरोपी सतीश कुमार घुतलहरे उर्फ गोलू उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम नरियरा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 05,07,2023 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी संतोष शर्मा, Asi कपिल राम साहू, प्रधान आरक्षक रेमन सिंह राजपूत, आरक्षक आर. राजा जयप्रकाश रात्रे, राजेंद्र राठौर लकेश्वर खुटे, महिला आरक्षक दिल्ली बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लेखापाल एवं सहायक ग्रेड-03 के पद पर भर्ती हेतु प्राविधिक पात्र-अपात्र सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालयीन सॅविदा भर्ती विज्ञापन लेखापाल (सॅविदा) एवं सहायक ग्रेड-03 (सॅविदा) के पदों की पूर्ति भर्ती किये जाने हेतु 30 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे। अंतिम तिथि तक लेखापाल (सॅविदा) हेतु कुल 78 आवेदन एवं सहायक ग्रेड-03 (सॅविदा) हेतु कुल 243 आवेदन प्राप्त हुये हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों के पात्रता का निर्धारण चयन समिति द्वारा किया गया है तथा परीक्षणोपरांत प्राविधिक पात्र, अपात्र सूची जारी कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को पात्र, अपात्र सूची के परिप्रेक्ष्य में कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावे एवं आपत्तियाँ स्व प्रमाणित पत्रों सहित जिला खनिज संस्थान न्यास जांजगीर-चांपा में स्वयं उपस्थित होकर 7 जुलाई 2023 सायं 05.30 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सूची का अवलोकन जिला खनिज संस्थान न्यास जांजगीर-चांपा के सूचना पटल सहित जिले के वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in/ का अवलोकन किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावें एवं आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत भोजन व्यवस्था हेतु फर्मों से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा इस जिले के मेधावी छात्र, छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग तैयारी हेतु आकांक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सत्र 2023-24 में छात्र, छात्राओं को भोजन व्यवस्था कराने हेतु इच्छुक फर्मों से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। जिसमें आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई 2023 एवं जमा करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई 2023 निर्धारित है। इच्छुक फर्म 1 हजार रुपए नगद जमा कर रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी आवेदन फार्म आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा से प्राप्त कर सकते है।

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने किया प्रवीण गुप्ता को जिला बदर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए प्रवीण गुप्ता, पिता मनहरण लाल गुप्ता साकिन राहौद थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर किया है। प्रवीण गुप्ता को जांजगीर-चांपा एवं उनके सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर और बलौदाबाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 01 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

## प्रवेश में समस्या, सरखों गांव के विद्यार्थियों ने प्रशासन से शिकायत की

**जांजगीर - चांपा ।** शासकीय उमा विद्यालय सरखों में नवमीं कक्षा में प्रवेश नहीं दिए जाने पर आदिवासी विद्यार्थी कलेक्टोरेट पहुंचे और प्राचार्य के विरूद्ध शिकायत की। अपर कलेक्टर ने डीईओ को विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने का निर्देश दिया है। एक ओर राज्य सरकार ने शाला प्रवेशोत्सव मनाकर विद्यार्थियों को तिलक लगाकर प्रवेश देने का निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग भी प्रवेशोत्सव का ढोल पीट रहा है।

जबकि नवागढ़ ब्लाक के ग्राम सरखों के शासकीय उमा विद्यालय की प्राचार्य पूर्णिमा शर्मा ने ग्राम करमंदी के लगभग दस छात्रों को कक्षा नवमीं में प्रवेश देने से इंकार कर दिया उनके द्वारा विद्यार्थियों को नियम बताया गया कि दूसरे गांव के छात्रों को वे प्रवेश नहीं दे सकती।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
वाहन शाखा- समेकत भवन, अर्बा.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दूरभाष : 221288, 222672, फैक्स : 07759-221925, मोबाइल नं. 12 दिन कोड-495677
Website: www.korbamunicipal.in,Email : Mck.Vehiclesection@gmail.com

पत्र क्र./588/वाहन/ 2023 — कोरबा, दिनांक 28.06.2023

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण के लिए अच्छे कंडीशन के वाहन किराया पर मासिक दर में लिया जाना है, जिसके लिए प्रदायकर्ता से फार्म 'बी' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि - 18.07.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि तक - 18.07.2023 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | वाहन का नाम | प्रावकलन राशि रू. | धरोहर राशि रू. |
|---|---|---|---|
| 1. | इनोवा क्रिस्टा (ए.सी.सहित) | 2,88,960/- | 8,700/- |

शर्तें :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbaminicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें// — नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कोरबा**
**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -10**
(चतुर्थ बार)

क्रमांक/3049/देपंडर/ग्रायांसेसा/2023 — कोरबा,दिनांक 04.07.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 एवं प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा जारी दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची, मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाइन (offline) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 11.07.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोरबा जिला अंतर्गत विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग से स्वीकृत शासकीय प्राथमिक शाला भवन/शासकीय एवं माध्यमिक शाला भवन/ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवनों का जीर्णोद्धार कार्य कुल 02 संकाय हेतु | 31.16 | 750.00 प्रत्येक कार्य हेतु | ''द'' वर्ग उससे ऊपर |

2. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशष्ट-2.13) तथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 04.07.2023 समय 10.30 बजे से देखी जा सकती है।

(अन्तोनी तिर्की)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)
जी-03016/3


# क्षतिग्रस्त नालियों से होकर जाना पड़ता है बच्चों को स्कूल

सीताराम नायक

### गली में बेजाकब्जा के कारण राह में भर जाता है पानी

**जांजगीर चांपा।** नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 10 में संचालित लोटस पब्लिक स्कूल एवं सूर्य नर्सिंग कॉलेज मार्ग पर नालियों के टूट फूट जाने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है वहीं कुछ लोगों द्वारारास्ते में अवैध निर्माण कर लिए जाने के कारण बरसात का पानी ठीक तरीके से नहीं निकल पा रहा है जिसके कारण छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को इस कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है उधर प्रशासन है कि इस ओर ध्यान देने का नाम ही नहीं ले रही शायद वह किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है।

ज्ञात हो कि ज्ञात हो कि अकलतरा रोड पर स्थित गट्टानी कन्या शाला के सामने वाली गली से लोटस पब्लिक स्कूल एवं सूर्या नर्सिंग कॉलेज के लिए रह गया हुआ है इस रास्ते में ठीक बीचो-बीच नाली का निर्माण वर्षों पहले नगर पालिका द्वारा किया गया है जो अब पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है । इस रास्ते से स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है जिसके कारण किसी दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है। लोटस पब्लिक स्कूल द्वारा कई बार नगर पालिका परिषद को इस समस्या से अवगत कराया

गया है वहीं नाली निर्माण, सफाई एवं मरम्मत करने के साथ साथ पानी के निकासी के लिए व्यवस्था करने को कहा गया है लेकिन इस विकराल समस्या पर न तो नगरपालिका अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और ना ही नगर पालिका अध्यक्ष इस समस्या का सुध ले रहे हैं। नतीजा यह है कि बरसात के दिनों में इस राह पर पानी का भराव हो जाने की वजह से बच्चों एवं उनके पलकों को आने जाने में परेशानी होती है। वही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

जबकि यहां लगभग 2000 लोगों का आना जाना रोजाना होता है जिसमें न केवल अध्ययन करने वाले बच्चे शामिल है बल्कि अध्यापन कराने वाले शिक्षक तथा बच्चों को अपनी साधन से लाकर छोड़ने ले जाने वाले पालक भी इस रास्ते से होकर गुजरते हैं । स्कूल एवं कालेज प्रबंधन द्वारा नगरपालिका को कई बार इस विकराल समस्या के संदर्भ में अवगत कराया गया है लेकिन नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी इधर झांकने को तैयार नहीं है।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि विगत 10 सालों में शहर के तमाम क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा समस्याओं का निराकरण एवं विकास कार्य किए हैं परंतु वार्ड क्रमांक 10 में इस महत्वपूर्ण मांग समस्या को हमेशा से नजरअंदाज किया जाता रहा है परंतु यहां हजारों लोगों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है यह जनप्रतिनिधि भी देखने को तैयार नहीं है नगर पालिका द्वारा जो नालियां वर्षों पहले बनाई गई थी वह पूरी तरह से टूट गई है और उनके चरण बाहर निकले हुए हैं इतना ही नहीं बल्कि अनेक स्थान पर नालियां खुली होने के कारण न केवल बच्चों के गिरने का डर है बल्कि बच्चों को लाने ले जाने वाले वाहनों के भी दुर्घटना होने का डर बना रहता है जिसे नगर पालिका द्वारा आज भी नजरअंदाज किया जा रहा है।

सबसे दुखद बात यह है कि इस मार्ग में निवास करने वाले कुछ लोग मार्ग में बेजाकब्जा कर लिए हैं और वे बरसात के पानी के भराव का कारण बन रहे हैं । कुछ लोग ऐसे हैं जो जानबूझकर बरसात के पानी के निकासी को बंद करके स्कूल एवं कालेज प्रबंधन के लिए समस्या खड़ी कर रहे हैं जिनके हरकतों के कारण बरसात के दिनों में बच्चों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है । कई बार छोटे-छोटे बच्चे दुर्घटना कारित हो जाते हैं ऐसे में इस राह में बेजा कब्जा करने वाले लोगों को बेदखल करने की जरूर अत्यंत जरूरत है, जो अपने निजी के बाहर अनावश्यक निर्माण कर लोगों के लिए बाधा बन रहे हैं । नगर पालिका को ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना आवश्यक है क्योंकि इन बेजा कब्जा धारी के कारण ही आए दिन स्कूली बच्चों एवं उनके वाहनों को आने जाने में दिक्कतें होती है इसके लिए प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है नहीं तो किसी दिन अप्रिय घटना घट सकती है।

## मतदाता जागरूता पर नवागढ़ में की गई कार्यशाला

जांजगीर-चांपा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में नवीन शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आज महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम कम कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. शंकर लाल माथुर ने प्रतिभागियों को मत के अधिकार से अवगत कराया और बताया कि हमे निडर व निष्पक्ष होकर सही प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को मतदाता एप की विस्तृत जानकारी प्रदान की। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो स्नेहा थवाईत ने विद्यार्थियों को बताया कि 17 वर्ष से अधिक आयु के लोगो को अपना पंजीकरण कराकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवको को गांव-गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया कि वे अपने गांव, गली-मोहल्लों में आमजन को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, निष्पक्ष व निडर होकर शत प्रतिशत मतदान करने आदि जैसे गतिविधियों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें। मतदाता जागरूकता को एक विशाल अभियान की तरह चलाये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रासेयो स्वयसेवको, विद्यार्थियों के साथ साथ, प्रो वंदना टोप्पो, प्रो नरेश गिरी, प्रो कोमल चंद्रा, गौरीशंकर महिपाल, दिनेश मनहर, तिहारुराम आदि उपस्थित थे

## कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी मितान बन पहुंची हितग्राही के घर

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री मितान योजना जिले के तीन नगरीय निकाय अकलतरा, जांजगीर-नैला और चांपा में प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से आमनागरिकों को 14545 नंबर पर फोन करने से सरकारी कार्यालयों से प्राप्त होने वाली 25 सुविधाएं घर बैठे ही प्राप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत नगर पालिका जांजगीर-नैला के वार्ड 02 निवासी श्रीमती किरण ताम्रकार और वार्ड नंबर 08 निवासी श्रीमती अंकिता सोनी को नया राशन कार्ड कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढेवाल द्वारा घर में पहुँचा कर प्रदान किया। श्रीमती किरण ताम्रकार ने घर बैठे राशन कार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की यह योजना बहुत अच्छी है। हमें आसानी से नया राशन कार्ड मिल गया है। किसी कार्यालय में जाने की ज़रूरत भी नहीं पड़ी। श्रीमती अंकिता सोनी ने कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि कलेक्टर खुद मितान बनकर उनके घर कार्ड देने आयेंगी। उन्होंने इस पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा

कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रदेश के सभी नगर पालिकाओं में नागरिक सुविधाओं को नागरिकों के घर तक पहुंचाने के लिए मितान योजना की विस्तार की गई है। इसके तहत आज हितग्राही को उनका राशन कार्ड बनाकर दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि योजना का उद्देश्य है कि लोगों को घर बैठे प्रमाण पत्र व जरूरी दस्तावेज बनाकर दिए जाएं जिससे उन्हें अनावश्यक भटकना न पड़े। मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रत्येक शासकीय कार्य सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा हैं। आमजन तक शासकीय योजनाओं को पहुँचाकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। राज्य के नागरिकों को बिना किसी परेशानी के सभी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासकीय सेवाओं को मितान के माध्यम से नागरिकों के घर तक पहुंचाने के लिए मितान योजना की शुरुआत की गई है। इस दौरान पार्षद विवेक सिसोदिया, पार्षद विष्णु यादव, शिशिर द्विवेदी, संतोष शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन शर्मा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### खड़े होकर पढ़ने को तैयार हैं करमंदी की छात्राएं

**जांजगीर चांपा।** जिला मुख्यालय से लगे करमदी की छात्राएं हाईस्कूल की पढ़ाई के लिए दाखिला लेने लोहे के चने चबा रहे हैं। उन्हें मन मुताबिक स्कूल में पढ़ाई के लिए एडमिशन नहीं मिल पा रहा है। परेशानियों से जूझते हुए आदिवासी बालाएं बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंच गई और अपनी पीड़ा अपर कलेक्टर को सुनाई।सरकार एक ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लगा रही है तो वहीं जिले में ऐसी छात्राएं भी हैं

## कलेक्टर ने बीज एवं कृषि विकास निगम प्रक्षेत्र का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जांजगीर के बीज एवं कृषि विकास निगम प्रक्षेत्र एवं बीज प्रक्रिया केन्द्र खोखसा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अनाज, दलहन-तिहलन के आधार व प्रमाणित बीजों की उपलब्धता एवं भंडारण की जानकारी ली। उन्होंने बीज निगम प्रक्षेत्र में लगाये गये धान के फसल का निरीक्षण किया एवं उन्नत किस्मों के बीज का उपयोग करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीज प्राप्त हो तथा बीजों का ग्रेडेशन हाईटेक तरीकों से किया जाय, जिससे किसानों की पैदावार बढ़े। कलेक्टर ने धान के अतिरिक्त अधिक लाभ देने वाले फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रक्षेत्र में माइनर हरर की साफ-सफाई मनरेगा के तहत कराने तथा चारों ओर बायो फेन्सिंग लगाने कहा। कलेक्टर ने बीज प्रक्रिया केन्द्र खोखसा में बीज प्रबंधक ए. के. यादव से धान व उन्नत किस्म के बीजों की उपलब्धता उनके रखरखाव के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अलावा उन्होंने बीज प्रक्रिया केन्द्र के गोदाम में रखे धान, गेहूं, सरसों के किस्मों की उपलब्धता एवं भंडारण की जानकारी ली और बीज मशीन प्रीक्लीनर, एलिवेटर, ग्रेडर मशीन, सीड स्टोर टैंक का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर बीज निगम के क्षेत्र प्रबंधक श्रीमती आरती श्रीवास एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक बैचन सिंह आ. श्री ओंकार सिंह निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 271/13 रकबा 0.0610 है. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16.7.2023 को 11.00 बजे आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 30.6.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)



**न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// संशोधित ईश्तहार//**

क्रमांक/2503/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाअ/ 2023 कोरबा, दिनांक 28.06.2023

रा.प्र.क्र.-625/अ-2/2022-23
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 625/ अ-2/ 2022-23 आवेदक श्री रमेश कुमार आयवान पिता श्री मासीराम आयवान, निवासी- पावर हाउस रोड कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा के ग्राम ग्राम-कोरबा, प.ह.नं. 16, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 599/14 रकबा 0.009 है. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 13.07.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयवधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा. जिला- कोरबा (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्यूमेंट निविदा सूचना**
क्र./1339/म.उ./2023 — दिनांक 30.06.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | Management Contract for Operation, maintenance and reparis of Korba water supply scheme from head works to distribution network for maintenance of all the components of the scheme including cost of all material and labour for maintaining and supplying regular water supply for One years (प्रथम निविदा) (निगम मद) | 309.50 | 24.07.2023 (T.No.140222) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें// — नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)


## बैंककर्मी की हत्या के मामले में दो आरोपी दंडित

**सक्ती।** प्रेमी के साथ मिलकर कैशियर पति की हत्या करने वाली पत्नी व प्रेमी को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बीआर साहू ने आजीवन कारावास और दो - दो हजार रूपये की अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार बारादूार निवासी साक्षी उर्फ चांदनी ने 22 सितंबर 2018 की देर रात पुलिस को सूचना दी कि उसका पति रामकिशोर भारतीय स्टेट बैंक बारादूार में हेड केशियर के पद पर पदस्थ था। शादी के बाद वह अपने पति के साथ उपतहसील कार्यालय के पास स्थित किराए के मकान में रहती थी। उनकी चार साल की बेटी समीक्षा भी है। 22 सितंबर 2018 को रात्रि 8 बजे गणेश विसर्जन होने के कारण वह अपनी पुत्री के साथ विसर्जन में चली गई थी। वह रात्रि 11.30 बजे लौटी तो दरवाजा बाहर से बंद था। अंदर गई तो सोफे पर उसका पति रामकिशोर मृत पड़ा था।

## एक दिवसीय हड़ताल में आपातकालीन चिकित्सा हेतु जिले के आयुष्मान भारत अंतर्गत पंजीकृत चिकित्सालय के संचालको की बैठक संपन्न

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया की अध्यक्षता एवं उत्कर्ष तिवारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, की उपस्थिति में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में आज जिले के आयुष्मान भारत योजनांजर्गत पंजीकृत समस्त निजी चिकित्सालयो के संचालको की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समस्त चिकित्सालयो के विशेषज्ञ, चिकित्सक उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि 07 जुलाई .2023 को स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी हड़ताल पर रहेगें। अतः हड़ताल अवधि में स्वास्थ्य सुविधा बाधित न हो इस संबंध में सभी निजी चिकित्सालयों के संचालको को निर्देशित किया गया कि शासकीय चिकित्सालयो से गये मरीजो को निःशुल्क ओ.पी.डी एवं आई.पी.डी. में आने वाले मरीजों को आयुष्मान भारत योजनांतर्गत उपचार करे ताकि हड़ताल की अवधि में किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधाबाधित न हो जिसमें सभी निजी चिकित्सालयों के संचालको द्वारा उक्त सबंध में सहमति प्रदान की गयी। बैठक में आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष कुमार त्रिपाठी एवं विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोरबा-तहसील/जिला-कोरबा (छ.ग.)**
**// सूचना//**

क्रमांक/Q/रा.नि.मं./2023
कोरबा दिनांक 03/07/2023

न्यायालय तहसीलदार कोरबा के ज्ञापन क्रमांक 900 तह./वा./2023 कोरबा दिनांक 01.05.2023 के अनुसार शीला पिता पंचराम, मुस्किया बलराम प्रसाद निवासी कोरबा तहसील कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 रा.नि.मं. कोरबा-1 तहसील व जिला कोरबा स्थित भूमि खसरा नं. 299/14 रकबा 0.25एकड़ हे./ए. का सीमांकन दिनांक 10.07.2023 दिन सोमवार को समय 12.00 से सीमांकन किया जाना निर्धारित है।

अतः आप सभी सीमांकन के दौरान सीमांकन स्थल पर निर्धारित तिथि एवं समय पर मय दस्तावेज के साथ मौका में उपस्थित रहे, अनुपस्थित रहने पर एकपक्षिय कार्यवाही की जावेगी।

टीप - विशेष परिस्थिति में तिथि एवं समय परिवर्तनशील होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. कोरबा-1



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोरबा-तहसील/जिला-कोरबा (छ.ग.)**
**// सूचना//**

क्रमांक/Q/रा.नि.मं./2023
कोरबा दिनांक 05/07/2023

प्रति,
नगर पालिक निगम
1. श्रीमती लता गुप्ता 2. श्री वीरेन्द्र मन्डार 3. श्री मोतीलाल गुप्ता 4. मिस्सा जी 5. प्रमोद गुप्ता
विषय : स्थल निरीक्षण। नक्शा बटांकन करने हेतु सूचना।

न्यायालय तहसीलदार कोरबा के ज्ञापन क्रमांक तह./वा./2023 कोरबा दिनांक / /202 के अनुसार लता गुप्ता पिता रामकृष्ण गुप्ता निवासी कोरबा तहसील कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम ... प.ह.नं.... रा.नि.मं.... तहसील व जिला कोरबा स्थित भूमि खसरा नं. 197/63, 197/45 रकबा 0.022 है./ए. का स्थल दिनांक 07.07.2023 दिन शुक्रवार को समय 12.00 से सीमांकन किया जाना निर्धारित है।

अतः आप सभी स्थल निरीक्षण के दौरान मौका स्थल पर निर्धारित तिथि एवं समय पर मय दस्तावेज के साथ मौका में उपस्थित रहे, अनुपस्थित रहने पर एकपक्षिय कार्यवाही की जावेगी।

टीप - विशेष परिस्थिति में तिथि एवं समय परिवर्तनशील होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. कोरबा-1


## व्यापारी से 22 लाख की लूट, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर - चांपा ।** गांवों से पैसा वसूल कर लौट रहे व्यापारी को रास्ते में बाइक से गिराकर 22 लाख रुपए लूट करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी भी 5 आरोपी फरार हैं। जिसकी पतासाजी पुलिस कर रही है। बताया जा रहा है कि वारदात में दो नाबालिग भी शामिल हैं। प्रेस कान्फ्रेंस में एसपी ने बताया कि प्रार्थी सक्ती वार्ड 14 निवासी भरत अग्रवानी (59) 5 जून को अपने नौकर राजेश यादव एवं सेल्समेन सोमनाथ मजूमदार को लेकर गल्ला किराना का पैसा वसूली करने गया था। कई गांवों से पैसा वसूलकर 22 लाख 50 हजार रुपए को नौकर राजेश यादव के साथ लेकर सक्ती आ रहा था। मोंहदी कला मोड़ के पास एक मोटर सायकल में तीन लोग रात 7.30 बजे करीब आए और मोटर सायकल को धक्का देकर गिरा दिए और रकम रखे हुए थैले को लूटकर भाग गए।

## अनमोल वचन

अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक रखें, अच्छे दिन जरूर आएंगे।

## महाराष्ट्र के बाद बिहार पर नजर

विपक्षी एकता की पहली बैठक बिहार में हुई थी और उसके बाद भाजपा ने विपक्ष को कमजोर करने और एकता की संभावना को पंक्चर करने का अभियान तेज कर दिया। महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी एनसीपी टूट गई है और उनके भतीजे अजित पवार भाजपा-शिव सेना की सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए हैं। अब राज्य में भाजपा-शिव सेना-एनसीपी की सरकार बन गई है। शरद पवार जैसे बड़े नेता की पार्टी का टूटना बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम है, जिससे निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के मनोबल पर असर हुआ होगा। अब कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र के बाद बिहार की बारी है। बिहार की बारी दो कारणों से बताई जा रही है। पहला कारण तो यह है कि एक साल पहले 30 जून को जब शिव सेना को तोड़ कर भाजपा ने एकनाथ शिंदे के साथ मिल कर सरकार बनाई थी उसके दो एक महीने बाद ही बिहार में नीतीश कुमार ने भाजपा से तालमेल तोड़ कर राजद के साथ सरकार बना ली थी। यानी भाजपा के महाराष्ट्र के जश्न को नीतीश ने बिहार में गम मे बदल दिया था। सो, अब उसका बदला लेना है। दूसरा कारण यह है कि शरद पवार की पार्टी की ही तरह नीतीश की पार्टी में कई कमजोर कड़ियां हैं, जिनका फायदा भाजपा उठा सकती है। महाराष्ट्र में अजित पवार एनसीपी की कमजोर कड़ी थी। वे काफी समय से भाजपा के संपर्क में थे। उसी तरह एक समय नीतीश की पार्टी में नंबर दो की पोजिशन में रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह अब भाजपा के साथ चले गए हैं। उनके जरिए बताया जा रहा है कि जदयू के कई नेताओं से भाजपा का संपर्क है। इसके अलावा जदयू के कई नेताओं को अगले चुनाव में अपने भविष्य की चिंता है। उनको लग रहा है कि राजद के साथ जाने की वजह से वे अपने चुनाव क्षेत्र में कमजोर हुए हैं। उनका समीकरण बिगड़ा है। ऐसे नेता भाजपा के साथ जा सकते हैं।

जदयू के कई नेताओं की महत्वाकांक्षा बड़ी है। उनको लग रहा है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा उनको टिकट दे सकती है। ध्यान रहे भाजपा पिछली बार 17 सीटों पर लड़ी थी और सभी सीटों पर जीती थी। इस बार वह 30 सीटों पर लड़ेगी। इसलिए उसे 13 नए उम्मीदवार चाहिए। जदयू के कुछ नेता इस उम्मीद में भी भाजपा से बात कर रहे हैं कि उनको लोकसभा की टिकट मिल जाए।

## राशिफल

मेष : आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन मुताबिक पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर परिण आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु मिल्र कर सकते हैं। छात्रों को अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए समय खाली में बदलाव करने की जरूरत है। आप अपने वरिष्ठ को लेकर थोड़ा परेशान होंगे।

वृष : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आपका कल के बोझ की तरफ रुझान बढ़ेगा। आपको व्यापार के साथ जो होगा, लेकिन आपके घर के खर्चों में वृद्धि भी होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है।

मिथुन : आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नौकरी कर रहें तो ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से आना जाना करने में आपको आसानी होगी। हो सके तो उधार के लेन-देन से बचें। आपको व्यापार में समलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है।

कर्क : आज आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। पारिवारिक खर्चों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आपका समय बच्चों के साथ प्रसिद्ध बीतेगा साथ ही उनसे खुश अच्छा सिखा भी सकते हैं। कोई मित्र आपसे मिलने आ सकता है।

सिंह : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यात्रा हो सकती है जो किसी भी वाहन से सम्बन्धित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दोस्त/रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। कम्पटीटिव एग्जाम से सम्बंधित कोई अच्छा समाचार आपको मिल सकता है।

कन्या :आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी कार्य को पूरा करने के लिए योजना बना सकते हो। अपने व्यवहार को लेकर मन में जा-ना विचार आ सकते हैं। दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। आपकी इच्छाने काम हो सकती हैं। प्रेमी के लिए दिन अनुकूल है। इंजीनियर्स के लिए दिन अच्छा रहेगा, किसी कम्पनी से जॉब के ईमेल आ सकती है। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

तुला : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप किसी दोस्त की मदद करने के लिए उसके घर जा सकते हैं। ऑफिस में काम को लेकर थोड़ा आपकी तारीफ कर सकते हैं। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

वृश्चिक : आज आपको नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको खुद नया सीखने को मिलेगा। आप किसूल के कार्य को समय काटने का प्रयास करेंगे जो आपके भविष्य के लिए बेहो इच्छाहे होने में आसानी होगी। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

धनु : आज आपका दिन अच्छा रहेगा, ऑनलाइन लत्तात से खुश नया सीखने को मिलेगा। परिवार ने छपना का माहौल रहेगा किसी कार्य को लेकर सब एक मत हो सकते हैं। जीवनसाथी को खुश अच्छा का प्रयास दे सकते हैं, रिश्ता और भी मधुर होगा।

मकर : आज आपका दिन आपको लिए ठीक-ठाक रहेगा। ज्यादा ज़ोर करने से आपका काम बिगड़ सकता है, बेहतर होगा कि किसी भी बात पर जुल्म करने से बचें। पॉर्टनर्स में स्नेह करने के लिए दिन शुभ है। व्यवसायक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है।

कुंभ : आज आपका दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। आपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखें। आप जितना हो सके दूसरों की सब लेकर ही किसी कार्य की शुरुआत करें सफलता मिलनी तय है। ऑफिस में आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

मीन : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। रुकावटों से जुड़े लोगों का दिन अच्छा है, आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। आपकी सोच में सकारात्मकता आयेगी। महिलाएं शॉपिंग करते समय खूद को थोड़ा काबू में रखें कार्य बढ़ सकता है। बिल्टर से जुड़े लोगों के लिये दिन बढ़िया है, आपके काम की तारीफ होगी। इस राशि के जिन्हाहितों के लिए दिन बढ़िया रहेगा।

# घाटे का सौदा हैं अजित पवार!

//अजीत द्विवेदी//

**भाजपा के नेता खुश हैं कि महाराष्ट्र में शरद पवार की एनसीपी टूट गई। खुशी जाहिर करने वाले कई तरह के तर्क दे रहे हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक तर्क यह है कि विपक्षी गठबंधन बनाने के प्रयासों को इससे झटका लगेगा और महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें बढ़ेंगी। हो सकता है कि ऐसा सोचने का कोई आधार हो लेकिन राजनीति सिर्फ ऐसे हिसाब किताब से नहीं चलती है। राजनीति आज भी बुनियादी रूप से धारणा का खेल है और भाजपा इस खेल में माहिर है। तभी हैरानी हो रही है कि जिस अजित पवार के बारे में पिछले ढाई दशक से भाजपा यह धारणा बना रही थी कि वे भ्रष्टाचार का प्रतीक हैं उनको अपनी पार्टी के साथ जोड़ कर और सरकार में उप मुख्यमंत्री बना कर उसने क्या मैसेज दिया है। एनसीपी के टूटने और अजित पवार के एनडीए के साथ आने के राजनीतिक महत्व को रेखांकित कर रहे लोगों के अलावा भाजपा समर्थकों का एक बड़ा वर्ग है, जो इसके खतरों को भी रेखांकित कर रहा है। उनको लग रहा है कि भाजपा ने यह अच्छा नहीं किया।**

भाजपा के विरोधियों या एनसीपी और कांग्रेस के नेताओं से ज्यादा भाजपा समर्थक पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किरीट सोमैया का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे हसन मुशरिफ के ऊपर डेढ़ हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगा रहे थे। पिछले महीने मुशरिफ के चीनी मिल सहित कई परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी का छापा पड़ा था, जिसके बाद से वे अदालत से मिली अंतरिम जमानत पर बाहर हैं। अंतरिम जमानत पर चल रहे हसन मुशरिफ को भाजपा की सरकार में मंत्री बना दिया गया है! विमानन घोटाले के आरोपी प्रफुल्ल पटेल भी केंद्र में मंत्री बन जाएं तो हैरानी नहीं होगी। इसी तरह भाजपा विरोधियों से ज्यादा उसके समर्थक देवेंद्र फड़नवीस का वह वीडियो वायरल कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने 'शोले' फिल्म का मशहूर डायलॉग दोहराते हुए कहा था कि अजित पवार जेल जाएंगे और 'जेल में चक्की पीसिंग एंड पीसिंगज'। उन्हीं अजित पवार को रविवार को राजभवन में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई और देवेंद्र फड़नवीस उनका स्वागत कर रहे थे। ध्यान रहे भाजपा अजित पवार के भ्रष्ट होने की धारणा पिछले करीब ढाई दशक से बना रही है। जब पहली बार 1999 में कांग्रेस और एनसीपी की सरकार बनी थी तब से उनको भ्रष्ट ठहराया जा रहा है। किसी और पार्टी ने उन पर भ्रष्टाचार के आरोप कभी नहीं लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले दिनों भोपाल में जब कहा कि एनसीपी ने 70 हजार करोड़ रुपए का घोटाला किया है तो वे असल में अजित पवार की ही बात कर रहे थे।

अजित पवार के ऊपर ही 70 हजार करोड़ रुपए के सिंचाई घोटाले का आरोप लगा था और 2014 में जब देवेंद्र फड़नवीस के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मुकदमा दर्ज किया था। नवंबर 2019 में जब फड़नवीस के साथ अजित पवार 80 घंटे के लिए उप मुख्यमंत्री बने थे तब पहले 24 घंटे के भीतर ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सिंचाई घोटाले में क्लोजर रिपोर्ट लगा दी थी। हालांकि अदालत ने उसे अभी तक स्वीकार नहीं किया है। यह मामला अजित पवार के जल संसाधन मंत्री रहने के समय का है। जब अजित पवार ने जल संसाधन मंत्रालय छोड़ा तो उनके करीबी सुनील तटकरे इस विभाग के मंत्री बने थे। सो, पूरे सिंचाई घोटाले का आरोप अजित पवार और सुनील तटकरे के ऊपर है। अब अजित पवार उप मुख्यमंत्री बन गए हैं और सुनील तटकरे की बेटी अदिति तटकरे को भी शिंदे सरकार में मंत्री बना दिया गया है।

भाजपा ने अगर किसी आपात स्थिति में अजित पवार का समर्थन लिया होता तब भी सवाल उठते लेकिन उसका इतना गहरा दाग भाजपा के ऊपर नहीं लगता, जितना अभी लगा है। भाजपा के सामने कोई आपात स्थिति नहीं थी। राज्य सरकार को पूर्ण बहुमत है और आने वाले दिनों में भी कोई खतरा उत्पन्न नहीं होना है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित जिन 16 विधायकों के अयोग्य ठहराए जाने की संभावना जताई जा रही है वह भी हकीकत नहीं है क्योंकि उसमें फैसला स्पीकर को करना है, जो भाजपा के ही नेता हैं। सो, सदस्यता जाने वाली बात भी एक काल्पनिक खतरे की तरह है। तभी बिना किसी आपात स्थिति के भाजपा ने एक ऐसे नेता और एक ऐसी पार्टी को अपने साथ लिया है, जिसके बारे में उसने खुद भ्रष्टाचार की धारणा बनवाई है। प्रधानमंत्री नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी को नेशनलिस्ट करप्ट पार्टी कहते रहे हैं।

इस घटनाक्रम से भाजपा के सामने नैतिक, विचारधारात्मक और राजनीतिक तीनों तरह से सवाल खड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने पटना में जुटी सभी विपक्षी पार्टियों के ऊपर सामूहिक रूप से 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था, जिसमें 70 हजार करोड़ रुपए का घोटाला उनके हिसाब से एनसीपी का था। इस घोटाले के प्राथमिक आरोपी अब भाजपा के साथ हैं। सो, एक बड़ा नैतिक सवाल यह है कि भाजपा अब कैसे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाएगी? प्रधानमंत्री कैसे यह गारंटी देंगे कि वे हर भ्रष्टाचारी पर कार्रवाई करेंगे? अगर वे गारंटी दे भी दें तो इस बात की क्या गारंटी होगी कि लोग उस पर यकीन करेंगे? हो सकता है कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के भाजपा के वादे पर यकीन नहीं करने वाले भी उसको वोट दे दें लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि इससे भाजपा की नैतिक शक्ति का कुछ और क्षरण हुआ है। उसे वोट देने वाले भी अब नहीं मानेंगे कि वह भ्रष्टाचार से लड़ रही है। इस तरह भाजपा ने खुद ही अपना और दूसरी पार्टियों का फर्क समाप्त कर लिया है। यह बात स्थायी रूप से लोगों को दिल दिमाग में दर्ज होगी।

# अब किसी तोड़फोड़ से राहुल नहीं रुकेंगे !

//शकील अख्तर//

**तेलंगाना की राहुल की विशाल सभा ने दिखा दिया कि जनता किसके साथ है।ज्यही है फासिज्म कि हम उठा कर ले जाएंगे, तोडेंगे, बता रहे हैं! क्या कर लोगे। जी हां! न्यूज चैनलों और अखबारों में ऐसे ही हैडिंग भरे पड़े हैं। एनसीपी के बाद जेडीयू तोडेंगे। उत्तर प्रदेश में भी विपक्ष टूटेगा। कर्नाटक बचेगा नहीं, कांग्रेस मध्य प्रदेश को याद रखे!जमीडिया का हाल बैंड बाजा टीम से भी बुरा हो गया है। बैंड वाले शोक सभा मेंखुशी की धुन नहीं बजाएंगे। चाहे आप कितना ही पैसा दे दो। एक नैतिकता, प्रोफेशनलिज्म उनमें है। मगर इस मीडिया से आप कुछ भी कहलवा लो लिखवा लो। यह चेतावनी या धमकी नहीं है, यही है फासिज्म कि हम उठा कर ले जाएंगे,तोडेंगे, बता रहे हैं! क्या कर लोगे।**

जी हां! न्यूज चैनलों और अखबारों में ऐसे ही हैडिंग भरे पड़े हैं। एनसीपीके बाद जेडीयू तोडेंगे। उत्तर प्रदेश में भी विपक्ष टूटेगा। कर्नाटक बचेगा नहीं, कांग्रेस मध्य प्रदेश को याद रखे!

मतलब रोक सकते हो तो रोक लो। आज तुम्हारे यहां चोरी होगी। चोरी औरसीनाजोरी का मुहावरा यहीं से निकला है। सामंतवाद में ऐसी ही दबंगी होतीथी। उसी के खिलाफ जनता को संरक्षण देने के लिए लोकतंत्र आया।

लोकतंत्र मतलब लोग अपनी मर्जी से अपनी शासन व्यवस्था चुनें। दलीयलोकतंत्र। जहां आप किसी दल को उसके प्रतिनिधि को अपने लिए चुनते हैं। मगरअब तो उन्हें उठाकर ले जाया जा रहा है। और कहा जा रहा कि और ले जाएंगे।

महाराष्ट्र में ले गए। बिहार में करेंगे। यूपी में भी होगा। और गोदीमीडिया इसको बहुत बहादुरी का काम बता रहा है।

माफ कीजिए यह बिल्कुल भांडों का काम है। जो किसी लड़की का अपहरण करने कोभी राजा की बहादुरी और वीरता बता देते थे। कुछ इस तरह जैसे हमारे यहांडाकुओं पर बनने वाली फिल्मों में डाकू दिन तारीख बता कर कहते थे सेठ तैरेयहां आएंगे। जो कर सकता है कर लेना। लूट कर जाएंगे।

बड़ी अच्छी बात है। एकदम गैर-कानूनी, अनैतिक, दबंगी का काम करने वालेनायक की तरह पेश किए जा रहे हैं। और पीड़ितों को अयोग्य बताया जा रहा है।कहा जा रहा है कि अपने घर की रक्षा नहीं कर पाए। मतलब हम तो डाकाडालेंगे, तुम अगर बचा नहीं पाए तो दोष तुम्हारा। नालायक हो निकम्मे हो।

यह नया दौर चल रहा है। पीड़ित को ही दोषी ठहराने का। और आरोपी को हीरोबनाने का। अभी ब्रजभूषण शरण सिंह को बनाया जा रहा था हीरो। और ओलम्पिकमें मैडल लाने वाली पहलवानों पर उल्टे इल्जाम लगाए जा रहे थे। उनसे हीसवाल किए जा रहे थे।

अब अजीत पवार को हीरो बनाया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही वे जब सुबहमुंह अंधेरे भाजपा के मुख्यमंत्री फड़नवीस के साथ शपथ लेकर फिर वापस माफीमांगते हुए शरद पवार के पास आ गए थे तो उनको डरपोक, अस्थिर सोच काव्यक्ति बताया जा रहा था। अब फिर उन्होंने दल बदल किया तो वे वीर बहादुरहो गए। असली पवार हो गए।मीडिया का हाल बैंड बाजा टीम से भी बुरा हो गया है। बैंड वाले शोक सभा मेंखुशी की धुन नहीं बजाएंगे। चाहे आप कितना ही पैसा दे दो। एक नैतिकता, प्रोफेशनलिज्म उनमें है। और ईमानी सभ्यता, मानवता भी। मगर इस मीडिया सेआप कुछ भी कहलवा लो लिखवा लो। ये भयानक ट्रेन दुर्घटना में सैंकड़ोलाशों, घायलों के बीच भीदो मोदी के नारे कवर करते हैं। और उत्साह पूर्वकबताते हैं कि देखिए कैसा माहौल है।लेकिन मूल सवाल मीडिया का नहीं, उसकी तो अब कोई हैसियत बची नहीं है, वहतो उस फिल्मी गाने की तरह हो गई कि बैठ जा, बैठ गई, खड़ी हो जा खड़ीगई, घूम जा घूम गई! उससे क्या कहना। वह तो बस में हो गई। सवाल भाजपा काहै कि महाराष्ट्र में अपनी चलती हुई सरकार के बावजूद अचानक उसे वहां तोड़फोड़ की क्या सूझी।

यह दरअसल महाराष्ट्र के लिए नहीं है। महाराष्ट्र में यह दांव उसे उल्टापड़ना है। वहां तो इस नए ड्रामे के बाद उद्धव ठाकरे का कद सबसे ज्यादाबढ़ गया। एक तो भाजपा के खुद बहुमत में आने के बाद एकनाथ शिंदे महत्वहीनहो गए। इससे उनके वापस कभी भी उद्धव ठाकरे के पास लौटने की संभावनाएं बढ़गई हैं। दूसरे एकनाथ सहित, फड़नवीस, अजीत पवार, शरद पवार सब का भोकाल खतमहो गया है। जनता में सीधा मैसेज गया है कि राज्य में सबसे ज्यादापरिपक्व, गंभीर और सरकार चलाने की योग्यता रखने वाला नेता उद्धव ठाकरेहै। इसके साथ ही उनके बेटे आदित्य ठाकरे की स्थिति मजबूत हो रही है।

आदित्य ने अपने छोटे से राजनीतिक जीवन में तीन बार सरकार बदलते और अपनीपार्टी सहित सभी पार्टियों में टूट फूट देख ली है। उन्हें पिता के साथपटना जाने का भी मौका मिला था। उद्धव को ऐसे मौके नहीं मिले। क्योंकि बालठाकरे कहीं जाते नहीं थे। इसलिए उनके बाद उद्धव को राजनीति समझ में आनेमें टाइम लगा। लेकिन आदित्य की राजनीतिक शिक्षा दीक्षा अच्छी हो रही है।समय उन्हें अनुभव भी खूब दे रहा है। संभवतः वे विपक्ष की दूसरी बैठक मेंबंगलूरू भी आएं। ये महाराष्ट्र का घटनाक्रम है। जो ठाकरे परिवार के पक्षमें जाता हुआ दिख रहा है।

तो इसके लिए मोदी जी ने एनसीपी में तोड़फोड़ नहीं करवाई है। दरअसल यहराहुल गांधी के लगातार एक के बाद एक मोर्चे जीतते चले जाने और इससेहिम्मत पाकर दूसरे विपक्षी दलों के उनके साथ आने को रोकने के लिए की गईकार्रवाई है। इसका सीधा उद्देश्य विपक्षी दलों में खौफ पैदा करना है किअगर राहुल के साथ गए तो तुम भी सलामत नहीं रहोगे। एनसीपी तोड़ दिया और अबकिसी भी पार्टी को तोड़ सकते हैं। और तोड़ने के लिए हमारे पास ईडी, इनकमटैक्स, सीबीआई, एनआईए और कई एजेन्सियां हैं।

देखिए इसी डर से अखिलेश सीधे तेलंगाना पहुंच गए। वहां एक दिन पहले हीराहुल बीआरएस पार्टी को भाजपा की रिश्तेदार समिति और मुख्यमंत्री केसीआरको मोदी की कठपुतली बता कर आए थे। बहुत विशाल सभा में और ऐसी भीड़ में जोजोश में थी। राहुल को देखकर रिस्पांस कर रही थी। इससे जितना केसीआर कोखतरा महसूस हुआ उससे ज्यादा प्रधानमंत्री मोदी को।

ठीक है मामला राहुल केसीआर और मोदी का था। मगर इसमें अखिलेश यादव ने कांहेको एन्ट्री ले ली! दरअसल अखिलेश की एन्ट्री में ही सारी कहानी छुपी हुई है। अखिलेश तेलंगाना पहुंचे और बोले कि केसीआर से मिलकर मोदी से लड़ेंगे। वाह! वैरी गुड! केसीआर तो खुद अभी राहुल से लड़ रहे हैं। उनके यहांविधानसभा चुनाव है। केसीआर के मोदी से लड़ने का सवाल कहां आता है। मोदीसे तो राहुल लड़ रहे हैं। लेकिन अखिलेश कहते हैं कि केसीआर के साथ मिलकरमोदी से लड़ेंगे। यही एनसीपी को तोड़ने का बाय इफेक्ट है। अखिलेश हिल गए। अप्रत्यक्ष रूपसे मोदी की मदद करने लगे।

# औरंगजेब पर राजनीति क्यों

यह कैसी हैरानी और विडंबना है कि स्वतंत्र और संप्रभु भारत में भी औरंगजेब के फैन क्लब हैं । सोशल मीडिया पर उसके नाम के समूह सक्रिय हैं और वे लगातार पोस्ट लिख रहे हैं, लेकिन यह पराकाष्ठा है और अस्वीकार्य भी है कि औरंगजेब आप सबका बाप जुमले के बैनर और पोस्टर लिखे और लहराये जा रहे हैं। दुर्भाग्य है कि देश में एक तबका आज भी औरंगजेब को अपना नायक मानता है। अदालतों के भीतर की बहस के दौरान ऐसी दलीलें दी जा रही है- औरंगजेब क्रूर और निर्दयी नहीं था। वह आक्रांता भी नहीं था। उसके कालखण्ड के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धर्मस्थलों को ध्वस्त नहीं किया गया। ऐसी दलीलों पर हैरानी होती है और हंसी भी आती है कि भारत का एक हिस्सा आज भी मज़हबी, मानसिक तौर पर गुलाम है। हम साम्प्रदायिक सौहार्द के पक्षधर हैं और हमारा संविधान भी यही सिखाता है, लिहाजा सम्प्रदाय के नाम पर भडकाए गए दंगों और हिंसक उपद्रवों पर टिप्पणी करने से हम परहेज करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहिल्यानगर आदि इलाकों में, औरंगजेब के महिमामंडन और आपत्तिजनक हिन्दू-विरोधी जुमलों के मद्देनजर, जो साम्प्रदायिक तनाव भड़का, उसकी भर्त्सना की जानी चाहिये । यह साम्प्रदायिक विभाजन का सिलसिला कब धमेगा। औरंगजेब का कालखण्ड बीते 300 साल से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है, लेकिन औरंगजेब की औलादें आज भी उसे जिंदा रखे हैं। विवादास्पद दुष्प्रचार किया गया, तो कुछ हिन्दू संगठनों ने बंद का आह्वान किया। नतीजतन साम्प्रदायिकता भिड़ पड़ी और पुलिस को लाठीचार्ज कर माहौल को सामान्य करना पड़ा ।

21वीं सदी के भारत में औरंगजेब क्यों और किस तरह प्रासंगिक है। मुगल बादशाहत को खत्म हुये सदियां बीत चुकी हैं। ब्रिटिश साम्राज्य की चूलें भी हमने हिला दी और आज हम एक आजाद मुल्क हैं। इतिहास में मुर्दों को जिंदा रहने दें और उतीत को दर्ज करते रहें, लेकिन औरंगजेब को देश का बाप मानने और प्रचारित करने का औचित्य क्या है। क्या मुगल भारतीय मुसलमानों के वंशज थे। मुगल बादशाहों ने अपनी ही जमात पर भी खूब जुल्म ढाए थे, क्या मुसलमानों को ये तथ्य ज्ञात नहीं है। वारापसी की कथित ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि- ईदगाह मस्जिद विवाद अदालतों के विचाराधीन हैं। दोनों ही ऐतिहासिक साक्ष्य हैं कि औरंगजेब ने मंदिरों का विध्वंस किया और मस्जिदें बनवाई थीं। बदकिस्मती है कि हमें आज भी अपने आस्था-स्थलों के संरक्षण के लिए कानूनी लड़ाई लडऩी पड़ रही है।

## तस्वीरों की दुनिया

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार मुंबई में अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा की एक कार्यकर्ता बैठक के दौरान संबोधित करते हुए।

मुंबई में अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी की बैठक के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे और अन्य के साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में जेपी पथ पर गायघाट के पास निर्माण गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेपीसीसी) के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और पार्टी कार्यकर्ताओं ने रांची में एक विरोध मार्च के दौरान मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक द्वारा एक आदिवासी लड़की के शोषण के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया।

टीएमसी कार्यकर्ता गुवाहाटी में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ एक विरोध रैली में भाग लेते हुए।

गढ़चिरौली जिले में गोंडवाना विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ।

# प्रधानमंत्री के आगमन पर यह चौक-चौराहे रहेंगे बंद, केवल इन रास्तों से जा सकते हैं वाहन

**वाराणसी, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

दो दिवसीय काशी यात्रा पर आ रहे प्रधानमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सात जुलाई को वाजिदपुर में जनसभा भी प्रस्तावित है। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। डीसीपी ट्रैफिक प्रवल प्रताप सिंह के अनुसार सुबह दस बजे से जनसभा के समाप्ति तक सुगम यातायात के लिए मार्गों पर प्रतिबंध व पार्किंग स्थल तय किया गया है। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर छह जुलाई को फुल ड्रेस रिहर्सल शाम चार बजे से होगा। इस दौरान भी थोड़े वक्त के लिए यातायात प्रतिबंध रहेगा। रैली के अतिरिक्त वाहन सुबह दस बजे से संदहा अंडरपास, आजमगढ अंडरपास एवं सिंधौरा अंडरपास से रिंग रोड़ पर नहीं जा सकेंगे। रखौना बाइपास से रिंग रोड़ पर बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे। प्रयागराज, मीरजापुर, भदोही जाने वाले छोटे वाहन शहर के अंदर से होकर आगे जाएंगे। बाबतपुर एयरपोर्ट से आने वाले छोटे वाहन जनसभा समाप्त होने के बाद हरहुआ पुल के ऊपर से आधे घंटे बाद शहर के अन्दर प्रवेश कर सकेंगे।

चांदपुर चौराहा से लोहता, परमपुर अंडरपास, जंसा चौराहा, पांचो शिवाला से बाबतपुर एयरपोर्ट तक जाएंगे। गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ तथा विधानसभा क्षेत्र अजगरा से जनसभा में आने वाले वाहनों के लिए हरिहरपुर के पास- जौनपुर, पिण्डरा विधानसभा क्षेत्र से आने वाले वाहनों के लिए पंचक्रोशी मार्ग पर- प्रयागराज, भदोही, मीरजापुर, चंदौली तथा रोहनिया विधानसभा क्षेत्र से आने वाले वाहनों के लिए राजातालाब की तरफ जाने वाऐ रिंगरोड की सिंगल लेन पर- वाराणसी शहर एवं शिवपुर, केंट, उत्तरी, दक्षिणी विधानसभा क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए हरहुआ चौराहे पर लगे बैरियर के पीछे- जनसभा में आने वाले वीआईपी एवं पार्टियों के पदाधिकारियों के लिए अवध धाम रेस्टोरेंट के पास ग्राउंड में पार्किंग व्यवस्था की गई है।

## मेक्सिको में अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी बस, नवजात सहित 27 की मौत, अन्य 21 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में बुधवार को एक बस भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 21 घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ जब दक्षिणी मैक्सिकन राज्य ओक्साका से होकर जा रही बस खाई में गिर गई।ओक्साका के आंतरिक मंत्री जीसस रोमेरो ने कहा कि इस हादसे में एक नवजात, 13 पुरुषों और 13 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि अन्य 21 लोग घायल हो गए। जिनमें से 12 की हालत गंभीर बताई जा रही है।जीसस रोमेरो के मुताबिक, ऐसा माना जा रहा है कि बस राजधानी मेक्सिको सिटी से पश्चिमी ओक्साका के योसोंडुआ की ओर जा रही थी तभी अचानक ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और बस स्थानीय समयानुसार लगभग साढ़ छह बजे मैग्डेलेना पेनास्को शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# 22 न्यायाधिकरणों में से नौ में पीठासीन अधिकारी नहीं, रिक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नईदिल्ली, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के औद्योगिक न्यायाधिकरण-सह-श्रम न्यायालयों (सीजीआइटी-कम-एलसी) में रिक्तियों को भरने के लिए निर्देश देने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर बुधवार को केंद्र से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की पीठ ने श्रम कानून संघ (एलएलए) की याचिका का संज्ञान लिया। याचिका में कहा गया है कि 22 न्यायाधिकरणों में से नौ में पीठासीन अधिकारी नहीं हैं। इस साल तीन और न्यायाधिकरणों में रिक्तियां आ सकती हैं। संघ के वकील ने कहा कि एक न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारियों में से एक बुधवार को पद छोड़ने वाले हैं। पीठ ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए याचिकाकर्ता से कहा,आप हमारे पास इतनी देर से क्यों आए।

अधिकारी पांच जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। (याचिका) सोमवार को सूचीबद्ध करें। अतिरिक्त सालिसिटर जनरल बलबीर सिंह को (याचिका की प्रति) सौंपें। हम किसी न्यायाधीश का कार्यकाल बढ़ाने का एकतरफा आदेश पारित नहीं कर सकते। सीजेआई ने कहा कि प्रशासनिक पक्ष पर शायद ट्रिब्यूनल में रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया की निगरानी के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश को नामित किया है। बताते चलें कि देश में 22 सीजीआईटी-कम-एलसी हैं। इन्हें केंद्रीय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले औद्योगिक विवादों के निपटारे के लिए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत स्थापित किया गया था।

# केवाईसी अपडेट के नाम पर गार्ड से 86 हजार की ठगी, आप भी न दोहराएं ये गलती

**गोड्डा , 06 जुलाई [एजेंसी]।**

झारखंड में पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा दिलाने के लिए केवाईसी अपडेट करने के नाम पर एक निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड से 86 हजार रुपये की साइबर ठगी कर ली गई है।नगर थाने में भुक्तभोगी कुंदन यादव ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। घटना मंगलवार दोपहर की है। बिरसा सेक्योरिटी कंपनी में निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में सदर अस्पताल गोड्डा में तैनात कुंदन यादव दुमका जिले के सरैयाहाट प्रखंड के कुरमा हाट के रहने वाले हैं। वर्तमान में कुंदन का परिवार गोड्डा के रामनगर के निकट बेलडीहा गांव में रहता है। कुंदन ने बताया कि उन्हें पूर्व में पीएम किसान सम्मान निधि से दो हजार रुपये मिले थे। इसके बाद कोई राशि नहीं मिली है। मंगलवार की दोपहर उन्हें 9800183171 नंबर से किसी उदय मंडल का फोन आया कि वह सरैयाहाट प्रखंड से बोल रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा उनके खाते में नहीं जा रहा है। इस कारण बैंक खाते के केवाईसी को अपडेट करना होगा।इसके लिए एक लिंक भेजा गया है, उसे क्लिक करने पर केवाईसी अपडेट हो जाएगा।

थोड़ी देर बाद उसी व्यक्ति ने दूसरे नंबर 6302810820 से कॉल किया, तब कुंदन ने उस लिंक को क्लिक किया।इसके बाद ही चंद घंटे में ही उनके खाते से तीन बार पैसे निकाल लिए गए। कुंदन ने बताया कि पहले यूनियन बैंक के खाते से 42 हजार रुपये की निकासी की गई, फिर एसबीआई के खाते से 19 हजार और अंतिम बार फिर से यूनियन बैंक के खाते से 25 हजार रुपये निकाले गए।इसका मैसेज मोबाइल में आने के बाद कुंदन का माथा ठनका और वह दौड़े-दौड़े बैंक में जाकर इसकी पड़ताल करने पहुंचे तो पता चला कि साइबर ठगों ने उनके मोबाइल को हैक कर कुल 86 हजार रुपये की निकासी कर ली है।

# कर्ज से परेशान किसान दंपती ने नर्मदा में कूदकर दी जान, बैंक से लिया था 15 लाख का लोन

**जबलपुर, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

15 लाख रुपये के बैंक कर्ज से परेशान होकर किसान दंपती ने भेड़ाघाट के धुआंधार से नर्मदा में छलांग लगाकर जान दी थी। मृतक किसान ग्राम बम्हौरा हिनौता निवासी धर्मेन्द्र पटेल कर्ज से परेशान था। इसलिए उसने पत्नी संध्या पटेल के साथ नर्मदा में छलांग लगाई। घर से मिले सुसाइड नोट में दंपती ने अपने सुसाइड नोट में यूनियन बैंक का 15 लाख रुपये का कर्ज होने की बात का जिक्र किया है। मामले की जांच की जा रही है। बुधवार को धर्मेन्द्र के शव का जब पोस्टमार्टम कराया जा रहा था, तभी संध्या का शव भी भेड़ाघाट के गौबच्छा घाट में उतराता मिला। बम्हौरा हिनौता निवासी धर्मेन्द्र पटेल (40) किसान था। 28 जून की सुबह धर्मेन्द्र पत्नी संध्या (35) के साथ सुबह लगभग छह बजे घर से निकला था। दोपहर 12 बजे तक धर्मेन्द्र और संध्या घर नहीं पहुंचे, तो स्वजन को चिंता हुई। दोनों के फोन घर पर रखे मिले। स्वजन ने इसकी सूचना भेड़ाघाट थाने में दी। धर्मेन्द्र की बाइक धुआंधार के पास खड़ी मिली। शहपुरा के पास नर्मदा के मालकछार घाट पर मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे धर्मेन्द्र का शव शहपुरा के मालकछार घाट में उतराता मिला था। बुधवार को धर्मेन्द्र के शव का पोस्टमार्टम हुआ। स्वजन एम्बुलेन्स में धर्मेंद्र के शव को लेकर तिलवारा पहुंचे। जहां शव को उतारकर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन तभी जानकारी आई कि संध्या का शव भी मिल गया है। जिसके बाद कुछ लोग भेड़ाघाट के गौबच्छाघाट पहुंचे और फिर पुलिस के साथ शव लेकर मेडिकल आए। यहां से संध्या का शव भी अंतिम संस्कार के लिए लाया गया।15 वर्षीय धुव्र और 12 वर्षीय शिवांश ने पहले पिता धर्मेंद्र और फिर मां संध्या को कांपते हाथों से मुखाग्नि दी।

दोनों की बिलख रहे थे। उनकी आंखों से आंसू थम ही नहीं रहे थे। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि उनके सिर से मां और पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। वे बार-बार स्वजन से लिपटकर रो रहे थे। यह देखकर हर कोई गमगीन था। इस संबंध में थाना प्रभारी भेड़ाघाट शफीक खान ने बताया कि सुसाइड नोट में कर्ज की बात का जिक्र है। इस संबंध में स्वजन के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

# जनता को राहत! पंजाब में एक वर्ष में 10वां टोल बंद, मोगा-कोटकपूरा रोड भी निःशुल्क

**मोगा, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

पंजाब की भगवंत मान सरकार ने बुधवार को एक और टोल प्लाजा बंद करा दिया। आम आदमी पार्टी सरकार पिछले एक वर्ष में कुल दस टोल प्लाजा बंद करा चुकी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को मोगा-कोटकपूरा रोड पर बने चंदपुराना टोल को बंद कराया। अब वहां टोल नहीं कटेगा। मोगा से कोटकपूरा जाने वाले इस हाइवे पर न तो स्कूल, गांव, सड़क के मोड़, अस्पताल की सूचना का कोई बोर्ड था और न हाइवे जैसी सुविधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह टोल प्लाजा वास्तव में जनता की खुली लूट की दुकानें हैं। टोल ठेकेदारों ने समझौते का उल्लंघन कर नियमों की धज्जियां उड़ाकर जनता को लूटा है। आश्चर्य है कि व्यापक जनहित में उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय एक के बाद एक राज्य सरकारों ने उनकी लूट के प्रति आंखें मूंदे रखीं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार आने के बाद दस टोल प्लाजा बंद होने से आम आदमी की जेब से रोजाना 44.43 लाख रुपये की बचत हुई है। इन 10 टोल प्लाजा के बंद होने से लोगों को काफी फायदा हुआ है। सीएम मान ने कहा कि अब तक बंद किए गए किसी भी टोल प्लाजा पर एग्रीमेंट में प्रविधान होने के बावजूद एंबुलेंस या रिकवरी वैन की सुविधा नजर नहीं आई।

इस टोल प्लाजा का समझौता कैप्टन सरकार के दौरान 25 सितंबर, 2006 को हुआ था और साढ़े 16 साल के लिए टोल लगाया गया था। उन्होंने भ्रामक बयान जारी करने के लिए कांग्रेस नेताओं पर कड़ा प्रहार करते कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान इन टोल प्लाजा को बंद क्यों नहीं किया गया।

# 20 साल बाद निजी स्कूलों को मिलेगी स्थाई मान्यता दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश जारी

**चंडीगढ़, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

हरियाणा में वर्ष 2003 से पहले चल रहे सभी अस्थाई मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को स्थाई मान्यता दी जाएगी। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के 1338 स्कूलों को लाभ मिलेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में एक पत्र जारी कर सभी अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों को मान्यता के लिए पोर्टल पर आवेदन करने के लिए निर्देश जारी किए हैं।पहले भी सरकार ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे कि हरियाणा स्कूल शिक्षा नियम 2003 के आरंभ होने से पहले चल रहे सभी निजी स्कूल और जिनकी अस्थाई मान्यता वर्ष दर वर्ष के आधार पर बढ़ाई जाती है, ऐसे स्कूल मान्यता लेने के लिए पोर्टल पर आवेदन करें। इनमें से अधिकतर स्कूलों ने मान्यता लेने के लिए पोर्टल पर आवेदन नहीं किया है।लिहाजा सरकार ने एक मौका देते हुए इन स्कूलों को मान्यता लेने के लिए पोर्टल पर आवेदन करने के लिए कहा है।

इस आवेदन के बाद इन स्कूलों को नियमों में छूट के साथ मान्यता दिए जाने की योजना बनाई गई है।सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में 2003 से पहले से चल रहे अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों को मान्यता के लिए दस्तावेजी प्रमाण के साथ आनलाइन पोर्टल पर आवेदन करवाएं। सरकार इन स्कूलों के आवेदन करने के बाद जमीन में छूट देने के मसले पर भी विचार कर सकती है।

## चांद मोहम्मद की काली कहानी... 12वीं की छात्रा को किया आठ महीने की गर्भवती, पांच साल बाद मिला न्याय

**देहरादून, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

सहसपुर क्षेत्र की एक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की साजा सुनाई। स्पेशल जज पोक्सो अर्चना सागर की कोर्ट ने दोषी पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। दोषी ने किशोरी के साथ निकाह किया, जिससे एक बेटा भी पैदा हुआ। शासकीय अधिवक्ता अल्पना थापा के अनुसार, 22 नवंबर 2018 को सहसपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 12वीं कक्षा में पढ़ती है। सुबह घर से स्कूल के लिए निकली और शाम को वापस नहीं लौटी। स्वजन ने जब अपने स्तर से पड़ताल की तो उन्हें पता चला कि आशिक उर्फ चांद मोहम्मद निवासी सहसपुर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है।जिस पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। करीब 11 माह बाद पुलिस ने चांद मोहम्मद को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता को भी उसके कब्जे से बरामद कर लिया। मेडिकल कराने पर पीड़िता आठ माह की गर्भवती निकली। इसके बाद कोर्ट में पीड़िता के बयान कराए गए, जिसमें उसने बताया कि वह चांद मोहम्मद से प्रेम करती है और उसके पिता उसकी कहीं और शादी कराना चाहते थे। वह अपनी मर्जी से चांद मोहम्मद के साथ गई थी। बताया कि उन्होंने भागने से पहले ही निकाह कर लिया था। उसकी जन्मतिथि 20 जून 2001 है, जिसके अनुसार वह तब बालिग हो गई थी। उनका आठ नवंबर 2019 को एक पुत्र भी हुआ। न्यायालय में जब ट्रायल शुरू हुआ तो पीड़िता के पिता ही अपने बयानों से मुकर गए। हालांकि, अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में यह सिद्ध कर दिया कि नाबालिग रहते ही चांद मोहम्मद ने पीड़िता से दुष्कर्म किया था।अभियोजन ने कोर्ट को बताया कि जिस वक्त पीड़िता का अपहरण हुआ उस वक्त वह 17 साल पांच माह की थी।

## हरियाणा से निकला पर मुंबई नहीं पहुंचा रेलवे का इंजन ...तो इस वजह से ट्रांसपोर्टर ने नहीं की आपूर्ति, एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** एक ट्रांसपोर्टर पैसों के भुगतान संबंधी विवाद के चलते हरियाणा से पांच करोड़ रुपये की कीमत वाले रेलवे इंजन की आपूर्ति मुंबई में नहीं कर पाया। जिसके बाद मुंबई पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के खिलाफ के एफआईआर दर्ज की।वडाला टीटी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि दो माह पहले कालका में इंजन ट्रेलर पर लादा गया था, लेकिन यहां नहीं पहुंचा।भारतीय रेलवे के अधिकृत ट्रांसपोर्टर अनिल कुमार गुप्ता की शिकायत के मुताबिक, उन्होंने एक रेलवे इंजन कालका पहुंचाने और वहां से दूसरे इंजन को मुंबई लाने के लिए अन्य ट्रांसपोर्टर पवन शर्मा को काम पर रखा था।शिकायत में कहा गया कि इस काम के लिए अनिल कुमार गुप्ता को पवन शर्मा की कंपनी को सवा चार लाख रुपये का भुगतान करना था और उसमें से चार लाख रुपये दिए जा चुके हैं।

# हम मुकदमों से नहीं डरते, इस अंधेरगर्दी का अंत जल्द लालू की मोदी को ललकार, बीजेपी पर लगाए ये आरोप

**पटना, 06 जुलाई [एजेंसी]।**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू यादव ने बुधवार को पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि साल 1977 में भी कुछ ऐसे हालत बने थे। तभी भी भी लालू को हटाने और मिटाने की कोशिश की गई थी, तब हमको राजद का गठन करना पड़ा था। आज भी मिटाने-झुकाने वाले अपनी हरकतों में लगे हुए हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी को पता नहीं है कि लालू डरने या झुकने वाला नहीं है। लालू प्रसाद यादव ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन पर उनके परिवार पर मुकदमे लादे जा रहे हैं। प्रताड़ित किया जा रहा है। लालू ने कहा कि मोदी भी जान लें कि अन्याय और अत्याचार का भी अंत होता है। जोर-जबरदस्ती ज्यादा दिनों तक नहीं चलती। जल्द ही मोदी को उखाड़ फेकेंगे। उसके बाद उन्हें कोई पूछेगा भी नहीं।पटना में कार्यालय परिसर में पार्टी का झंडा फहराकर लालू ने राजद के 27 वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। वर्ष 1997 में पांच जुलाई को राजद का गठन हुआ था। इस दौरान लालू ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1977 से आज तक पार्टी ने कई दौर देखे हैं।केंद्र से लेकर राज्य तक की सत्ता में रहने वाला राजद विपक्ष में भी उसी मजबूती के साथ रहा। देश की एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता व सामाजिक न्याय के क्षेत्र में पार्टी का योगदान अविस्मरणीय है और आने वाले दिनों में भी राजद इन मुद्दों पर मुखर रहेगा।लालू ने कहा कि आज देश में उथल-पथल का दौर है। भाईचारे को रौंदा जा रहा है। राम-रहीम के बंदों को तोड़ा जा रहा। देश को विद्वेष और वैमनस्यता की ओर धकेला जा रहा। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने जो आरक्षण दिया था, फासीवाद और सांप्रदायिक ताकतें उसे समाप्त करने में जुटी हैं। हालांकि, हम ऐसा होने नहीं देंगे।राशन और सब्जी तक की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के हवाले से लालू ने कहा, महंगाई इस कदर है कि गरीब आदमी मन मसोस कर रह जा रहा।

गरीबी-महंगाई में जनता जैसे-तैसे गुजर-बसर कर रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबी-बदहाली मिटाने की सूझबूझ नहीं। वे तो देश को लगातार तोड़ने में लगे हुए हैं। विधायकों की खरीद-फरोख्त हो रही। विधायकों को खरीद कर सरकारें बनाई जा रहीं। इस अंधेरगर्दी का भी अंत होगा।लालू ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते भरते हुए कहा कि हमें झुकना-टूटना नहीं है। आगे बढ़ते जाना है। हमारी पार्टी आगे रही है। आने वाले दिनों में भी आगे रहेगी। देश और जनता के लिए हम हर तरह का बलिदान देंगे।

# यूक्रेन का रूस पर आरोप, जपोरिजिया संयंत्र पर बना रहा हमले की योजना, क्रेमलिन ने कहा- तनावपूर्ण है स्थिति

**कीव, 06 जुलाई [एजेंसी]।**

यूक्रेन युद्ध के दौरान हथियारों से मार करने के साथ ही दोनों पक्ष एक दूसरे पर राजनयिक दबाव बनाने में जुटे हैं। बुधवार को यूक्रेन और रूस ने एक-दूसरे पर दक्षिणपूर्वी यूक्रेन स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र जपोरिजिया पर हमले की योजना बनाने का दावा किया।

हालांकि, इसके लिए किसी भी पक्ष ने कोई साक्ष्य नहीं दिए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को खुफिया रिपोर्ट पर चिंता जताई। यूक्रेनी सैन्य बल के जनरल स्टाफ की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया है कि परमाणु संयंत्र की तीसरी और चौथी इकाई की छतों पर विस्फोटक जैसी वस्तुएं देखी गई हैं। रूस द्वारा इनका उद्देश्य संयंत्र को नष्ट करना नहीं है बल्कि इसके जरिये यूक्रेन पर बमबारी करने का आरोप लगाना है। दूसरी ओर, रूस में क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस परमाणु संयंत्र पर यूक्रेनी सेनाओं द्वारा विनाशकारी हमले की आशंका जताई है। उन्होंने कहा, इससे स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल युद्ध शुरू होने के कुछ समय बाद ही रूस ने जपोरिजिया संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। इस बीच, रूस ने बाखमुट के पास संघर्ष में तीन यूक्रेनी सैन्य समूह पर हमले कर भगाने का दावा किया है। बीते मई में रूस ने बाखमुट पर वैगनर समूह की मदद से कब्जा कर लिया था। फिलहाल इसको लेकर विस्तार से जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले मंगलवार को यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र के पर्वोमाइस्क्यी कस्बे में एक आवासीय इमारत की पार्किंग पर मिसाइल हमले में कम से कम 43 लोग घायल हो गए थे।नाटो शिखर सम्मेलन से पहले बुधवार को पोलैंड और इटली के प्रधानमंत्रियों ने विश्वास जताया कि यूक्रेन को वास्तविक सुरक्षा की गारंटी जरूर मिलेगी। इससे यूक्रेन के भविष्य में सैन्य गठबंधन में शामिल होने का मजबूत संकेत मिलता है।

## यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में भारत निभा सकता है अहम भूमिका: कीव में अमेरिका की राजदूत ब्रिंक

**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध को लेकर बंटे विश्व में अब भारत के महत्व और विचार को गंभीरता से लिया जा रहा है। यूक्रेन में अमेरिका की राजदूत ब्रिगेट ए ब्रिंक ने कहा है कि भारत दुनिया की उभरती महाशक्ति है और वर्तमान में जी 20 देशों का अध्यक्ष है, वह यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।भारतीय नेतृत्व वैश्विक चुनौतियों पर स्पष्ट राय रखता है और उन्हें खत्म करने के लिए सकारात्मक सुझाव देता है। वह यूक्रेन युद्ध को लेकर बने गतिरोध को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत सहित सभी सहयोगियों के साथ मिलकर स्वतंत्रता, लोकतंत्र और भविष्य चुनने के अधिकार पर कार्य करना चाहता है। ब्रिंक ने कहा,यूक्रेन की राजधानी कीव में वह प्रतिदिन युद्ध की विभीषिका देखती हैं। समस्याओं से जूझने में वहां के लोगों की ताकत और उनका लचीलापन भी देखती हैं।

भारत सही मायनों में विश्व का नेतृत्व करने की इच्छा रखता है। जी 20 देशों के अध्यक्ष के रूप में उसकी एक पृथ्वी-एक परिवार-एक भविष्य की सोच हमें शांति की ओर ले जा सकती है। इसी भावना से यूक्रेन में शांति स्थापित हो सकती है।अमेरिकी राजदूत ने कहा कि यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीरता से प्रभावित किया है। इससे खाद्य सुरक्षा प्रभावित हुई है और संयुक्त राष्ट्र के नियमों के अनुसार संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर असर पड़ा है।

# दिव्यांका त्रिपाठी की द मैजिक ऑफ शिरी का पहला पोस्टर जारी

टीवी जगत की जानी-मानी अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज द मैजिक ऑफ शिरी को लेकर सुर्खियों में बनी हैं। जहां निर्माताओं ने कुछ दिनों पहले इसका टीजर जारी किया था, वहीं अब द मैजिक ऑफ शिरी का पहला पोस्टर सामने आ चुका है, जिसमें दिव्यांका जादूगरनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। द मैजिक ऑफ शिरी ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। इसका प्रीमियर 13 जुलाई से किया जाएगा।

जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर द मैजिक ऑफ शिरी का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, शिरी लेकर आ रही है उम्मीद की एक जादुई कहानी। इसके साथ निर्माताओं ने ऐलान किया कि द मैजिक ऑफ शिरी का ट्रेलर गुरुवार (6 जुलाई) को रिलीज किया जाएगा। इसमें दिव्यांका के अलावा जावेद जाफरी और दास नमिता भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सीरीज में जावेद नकारात्मक किरदार निभाएंगे।

सीरीज में दिव्यांका एक आम

महिला के रूप में दिखाई देंगी जिसका सपना है कि वे एक बड़ी मेजीशियन बने. ऐसे में अपने घर के काम काज निपाटा कर मेजीशियन बनने का सपना देखना उसकी फेवरेट हॉबी होगी. हालांकि, अपने इस सपने को पूरा करने के लिए वे काफी दौड़ धूप भी करती दिखेंगी. सीरीज में एक्टर जावेद जाफरी नजर आएंगे जो कि बड़े जादूगर का रोल प्ले करेंगे.

सीरीज के टीजर में दिव्यांका का लुक एक दम साधारण है. लेकिन जादूगरनी के वेश में आते ही दिव्यांका काफी मिस्टीरियस लगने लगती हैं, टीजर के कुछ शॉट्स में जादूगरनी के नॉर्मल लाइफ के सीन्स भी हैं, जिसमें वह अपने पति और बच्चों के साथ स्कूटर में ट्रैवल करती दिखती है. दिव्यांका की ये सीरीज एक घरेलू महिला के स्ट्रगल की कहानी है, जो अपने जोन से बाहर निकल कर अपने इंट्रेस्ट के हिसाब से कुछ अलग करना चाहती है. ऐसे में कितना मुश्किल होने वाला है उसके लिए ये सफर सीरीज में देखना काफी इंट्रस्टिंग होगा. दिव्यांका त्रिपाठी टीवी शोज में बेस्ट बहू इशिता के रूप में जानी जाती हैं. लेकिन अपनी इस वेब सीरीज के माध्यम से वे अपनी इस इमेज को तोड़ने की कोशिश करती नजर आएंगी.

# ब्लॉकबस्टर फिल्म देकर छाई सोनम बाजवा

एक्ट्रेस सोनम बाजवा की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 धूम मचा रही है. फिल्म ने 6 दिन में ही 24.30 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म 50 करोड़ का आकड़ा पार करके ब्लॉकबस्टर हिट हो गई है.

सोनम बाजवा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री का पॉपुलर नाम बन गई हैं. हालांकि, उनके लिए ये सब आसान नहीं रहा है. एक्ट्रेस ने हिंदी फिल्मों के लिए भी ऑडिशन दिए थे, लेकिन इसमें उन्हें सक्सेस हाथ नहीं लगी थी. सोनम ने बताया था कि शूटिंग शुरू होने से 6 दिन पहले उन्हें एक हिंदी प्रोजेक्ट से हटा दिया गया था. जब उनसे पूछा गया कि क्या वो बॉलीवुड के लिए अभी भी ऑडिशन देती हैं और हिंदी फिल्म में काम करने की इच्छा रखती हैं? इस पर उन्होंने कहा, अगर मैं अब ऑडिशन दूं और ऑडिशन में सफल नहीं हो पाती हूं तो इससे मैं अपसेट नहीं होती हूं. लेकिन पहले छह-सात साल पहले की अपनी जर्नी को देखूं तो इससे मुझे बहुत तकलीफ होती थी. जैसे, मैं यहां फिल्म क्यों नहीं कर रही हूं. या किसी ने फिल्म की शूटिंग से छह दिन पहले मुझे क्यों निकाल दिया? सोनम ने आगे कहा, मैंने एक बहुत बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की. इसके लिए मैंने प्रॉपर वर्कशॉप की. मैंने फिल्म के लिए कुछ स्किल्स भी सीखे. लेकिन छह दिन पहले उन्होंने कहा कि डायरेक्टर बेहद नर्वस हैं, क्योंकि ये उनकी पहली फिल्म है और आप बहुत शांत हैं. लेकिन अब जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे लगता है,वाह, भगवान ने सचमुच मुझे बचा लिया. उन्होंने कहा था, मैंने कुछ हिंदी फिल्में साइन की. लेकिन किसी न किसी कारण से बात नहीं बन पाई थी. उस वक्त मेरा दिल टूट गया था. मैंने सभी को बता दिया था. मेरे पेरेंट्स को पता था कि मैंने 3 फिल्मों की डील साइन की है. मैं डेब्यू करने जा रही हूं. लेकिन उस वक्त ये छिपा हुआ आशीर्वाद था. वहीं बता दें कि सोनम

अपने स्किन कलर को लेकर भी बुली हुई हैं. उन्होंने बताया था कि मैं बचपन से ही स्किन कलर को लेकर बुली हुई हूं. मैं पंजाबी फैमिली से आती हूं और बहुत गोरी-चिट्टी नहीं हुआ करती थी. कुछ रिश्तेदार मुझे घर ही नहीं बुलाते थे.

## भूल भुलैया 2 के बाद अब कार्तिक-कियारा की सत्यप्रेम की कथा भी हुई हिट

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी-स्टार 'सत्यप्रेम की कथा' को ऑडियंस का भरपूर प्यार मिला है. फिल्म में कार्तिक और कियारा की मैजिकल कैमिस्ट्री दर्शकों के दिलों को छू रही है. जहां फिल्म का ओपनिंग वीकेंड काफी शानदार रहा था तो वहीं अब वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की जा रही है. हालांकि सोमवार के बाद मंगलवार को फिल्म की कमाई में कुछ खास अंतर नहीं आया है. चलिए यहां जानते हैं 'सत्यप्रेम की कथा' ने रिलीज के 6ठे दिन कितने करोड़ की कमाई की है? 'सत्यप्रेम की कथा' 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को क्रिटिक्स से मिक्स्ड रिव्यू मिला था लेकिन दर्शकों ने कार्तिक-कियारा की इस फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स दिया है. इसी के साथ फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई कर रही है. वहीं अब फिल्म के रिलीज के 6ठे दिन के कलेक्शन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'सत्यप्रेम की कथा' ने रिलीज के छठे दिन 4.20 करोड़ का कारोबार किया है. वहीं फिल्म ने सोमवार को 4.21 करोड़ की कमाई की थी. यानी मंगलवार को 'सत्यप्रेम की कथा' की कमाई में सोमवार के मुकाबले मामूली अंतर आया है. इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन अब 46.91 करोड़ रुपये हो गया है. 'सत्यप्रेम की कथा' की कमाई में सोमवार और मंगलवार को बेशक गिरावट आई है लेकिन फिल्म की कमाई की रफ्तार को देखते हुए जल्द ही ये 50 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली है. ऐसे में कार्तिक-कियारा की ये फिल्म 'भूल-भुलैया 2' के बाद उनकी दूसरी हिट फिल्म होगी. समीर विद्वांस द्वारा निर्देशित सत्यप्रेम की कथा में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के अलावा सुप्रिया पाठक कपूर, गजराज राव, सिद्धार्थ रंधेरिया, अनुराधा पटेल, राजपाल यादव, निर्मित सावंत और शिखा तल्सानिया ने भी अहम भूमिका निभाई है.

## कार्तिक आर्यन ने किया अपनी नई फिल्म चंदू चैंपियन का ऐलान

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म सत्यप्रेम की कथा की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है, वहीं कार्तिक ने भी कमाल का अभिनय किया है। इसी बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नई फिल्म की घोषणा भी कर दी है। उनकी इस फिल्म का नाम है चंदू चैंपियन। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान कर रहे हैं। आइए जानते हैं कार्तिक ने अपने पोस्ट में क्या लिखा। कार्तिक ने फिल्म का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर साझा किया और लिखा, चंदू नहीं, चैंपियन है मैं। पोस्टर में लिखा हुआ है, वो शख्स, जिसने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया। इसमें फिल्म के नाम के अलावा निर्माता-निर्देशक का नाम और रिलीज डेट भी बताई गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जहां कबीर संभाल रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 14 जून 2024 को दर्शकों के बीच आएगी। यह फिल्म एक खिलाड़ी के जीवन की कहानी बयां करती है, जो कभी हार नहीं मानता। उस खिलाड़ी का नाम चंदू है, जिसका किरदार कार्तिक पर्दे पर साकार करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इस सच्ची कहानी से जुड़कर कार्तिक बहुत खुश हैं। वह जानते हैं कि किरदार चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वह इसे जीवंत करने को उत्साहित हैं। दूसरी तरफ साजिद और कबीर को यकीन है कि ये फिल्म उनके करियर की दशा और दिशा दोनों बदल देगी।

# क्या है हैप्पी हार्मोंस बढ़ाने के आसान तरीके, अगर फॉलो कर लिया तो खुश-खुश रहेंगे

आप बहुत खुश हैं या बहुत दुखी हैं. आप निराश हैं या हर काम के लिए मोटिवेटेड हैं. ये सब तय होता है आपके शरीर में बनने वाले कुछ हार्मोन से. चूंकी ये हार्मोन आपकी खुशी को मेंटेन रखते हैं इसलिए इन्हें हैप्पी हार्मोन भी कहा जाता है. आप खुश होंगे और अच्छा महसूस करेंगे तो ये हार्मोन उस इमोशन को मेंटेन रखेंगे. आपकी निराशा उनका लेवल डाउन करती जाएगी. खुश महसूस करने और बने रहने के लिए ऐसे हार्मोन का लेवल बनाए रखना जरूरी है. मेडिटेशन सीक्रेट नाम के एक इंस्टाग्राम हैंडल ने ऐसे आसान तरीके शेयर किए हैं जिनकी मदद से आप हर तरह के हैप्पी हार्मोन का लेवल बेहतर रख सकते हैं.

ऑक्सिटोसिन

ये एक किस्म का बॉन्डिंग हार्मोन है. ये तब रिलीज होता है जब किसी से कनेक्टेड फील करते हैं. इस हार्मोन का लेवल बढ़ाने के लिए

अपने पेट एनिमल को लाढ़ कर सकते हैं.

अपने किसी खास को या अजीज को एक जादू की झप्पी दे सकते हैं.

अपने परिवार या दोस्तों के लिए कुकिंग करके भी कनेक्टेड फील कर सकते हैं.

किसी अपने के साथ हाथ में हाथ डालकर घूम सकते हैं.

एंडोर्फिन

इस हार्मोन को कम मत समझिए ये दिमाग के लिए नेचुरल पेन किलर का काम करता है. साथ ही स्ट्रेस ज्यादा होने पर या खुशी ज्यादा होने पर उन्हें कंट्रोल भी करता है. इस हार्मोन का लेवल बढ़ाने के लिए

एक्सरसाइज करना चाहिए

इंसेंशियल ऑयल्स के इस्तेमाल से भी इसमें फायदा होता है.

डार्क चॉकलेट खाने से भी इस हार्मोन का लेवल बढ़ता है.

मौका मिल सके तो कॉमेडी फिल्म या कॉमेडी शो भी देख सकते हैं.

सिरेटॉनिन

सिरेटॉनिन नाम के हार्मोन की वजह से मूड स्टेबल रहता है. इस हार्मोन के नॉर्मल होने से नींद भी अच्छी आती है. जिसकी वजह से एंजाइटी कम होती है और खुशी बढ़ती है. इस हार्मोन का लेवल बढ़ाने के लिए

थोड़ा समय निकालकर धूप में घूमें.

वॉक करें.

मेडिटेशन करने वालों में भी ये हार्मोन अच्छा होता है.

कार्डियो वर्कआउट से भी सिरेटोनिन का लेवल बढ़ता है.

डोपामाइन

ये हार्मोन फील गुड के अहसास को मजबूती देने वाला एक न्यूरोट्रांसमीटर है. जो ब्रेन के रिवॉर्ड सिस्टम को भी एक्टिव करता है. इस हार्मोन को एक्टिव करने के लिए आप पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं.

अपना पसंदीदा डिसर्ट खाकर भी आप इसे स्टिम्यूलेट कर सकते हैं.

रात में अच्छी नींद लेना भी इस मामले में फायदेमंद है.

कोई छोटा मोटा टास्क अचछे से पूरा करके भी फील गुड का अहसास कर सकते हैं.

## शिवा कार्तिकेयन अभिनीत मावेरन का ट्रेलर हुआ वायरल

कार्टूनिस्ट की अपनी रचना के पास होने की एक बिल्कुल नई अवधारणा का दावा करते हुए, शिव कार्तिकेयन अभिनीत मावेरन का पहला आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो गया है और वायरल हो गया है, जिसने रिलीज के एक दिन के भीतर 5 मिलियन हिट हासिल किए हैं। मैडोना अश्विन द्वारा निर्देशित यह फिल्म तेलुगु में महावीरुडु और तमिल में मावीरन के नाम से एक साथ रिलीज होगी। फिल्म शांति टॉकीज के तहत अरुण विश्व द्वारा समर्थित है। ट्रेलर में, शिव कार्तिकेयन एक कार्टूनिस्ट की भूमिका निभाते हैं जो एक राजनेता के पोस्टर को नष्ट कर देता है, जिससे राजनेता मुसीबत में पड़ जाता है। पोस्टर गलती से नायक के जूते में फंस जाता है, लेकिन राजनेता सोचता है कि शिव कार्तिकेयन उसके खिलाफ हैं। ट्रेलर में थोड़ा सस्पेंस है. शिव कार्तिकेयन जब भी आसमान की ओर देखते हैं तो अलग व्यवहार करते हैं और अपने कार्टूनों को जीना शुरू कर देते हैं।

# एलोपेसिया के कारण बड़ी मात्रा में बाल गिरने की समस्या से होता है सामना, कैसे करें नियंत्रण

बालों का झड़ना एक बहुत ही कॉमन सी समस्या है. ये आपके हमारे या दुनिया के हर व्यक्ति के साथ होता है. लेकिन जरूरत से ज्यादा बाल झड़ना चिंता का विषय है. कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जिनके बाल गुच्छों में झड़ते हैं. कंघी करने पर बाल का एक मोटा हिस्सा हाथ में आ जाता है. और ऐसे करके सिर से बाल गायब हो जाते हैं. गंजेपन जैसे पैच बन जाते हैं. दरअसल ये एक बीमारी है इस बीमारी को मेडिकल भाषा में एलोपेसिया अरेटा कहते हैं. आइए जानते हैं इस बीमारी के बारे में विस्तार से.

क्या है एलोपेसिया एरीटा?

एलोपेसिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें आपके बाल पैच में झड़ते हैं. ये कंडीशन तब होता है जब आपकी प्रतीक्षा प्रणाली बालों के रोम पर अटैक करती है. ये किसी के साथ भी हो सकता है.किसी भी लिंग उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है. इस समस्या में सिर्फ सिर के बाल ही नहीं बल्कि आइब्रो,पलकें और दाढ़ी के बाल भी प्रभावित हो सकते हैं.पुरुषों में अक्सर बाल किनारे और सामने की ओर से गिरते हैं. महिलाओं के बाल सिर के बीच वाले भाग से झड़ने लगते हैं. महिलाएं तो पूरी तरह से गंजी नहीं होती हैं. लेकिन पुरुष पूरी तरह से गंजे हो जाते हैं.



इस वजह से झड़ने लगते हैं बाल

ये एक ऑटोइम्यून प्रक्रिया है. इसमें प्रतिरक्षा प्रणाली वायरस और बैक्टीरिया से निपटनते वक्त गलती से आपके बालों के रोम पर हमला कर देते हैं. इससे बालों का विकास नहीं हो पाता है और बाल बनना बंद हो जाते हैं और इससे बाल झड़ने लगते हैं. डॉक्टर्स के मुताबिक यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती है. लेकिन ये जेनेटिक्स हो सकती है. अगर आपके परिवार में जैसे आपके पिता, भाई, बहन को ये समस्या है तो आगे इसके होने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ सकती है.

एलोपेसिया के लक्षण

1.एलोपेसिया में बाल झड़ने पर सिर पर गोल-गोल पैच दिखाई देने लगते हैं.

2.जब व्यक्ति सोकर सुबह उठता है तो उसके तकिए पर झड़े हुए बाल देखते हैं.

3.कई बार शरीर के बाल आइब्रो और दाढ़ी के बाल झड़ने लगते हैं.

क्या है इसका इलाज

एलोपेसिया का वैसे तो कोई इलाज नहीं है लेकिन स्टेरॉइड इंजेक्शन से इसे रोका जा सकता है. इस प्रोसेस को 1 से 2 महीने में दोहराया जाता है. इस समस्या से पीड़ित लोगों का लेजर और लाइट थेरेपी से भी इलाज किया जाता है. वहीं कुछ नेचुरल ट्रीटमेंट जैसे प्याज का रस लगाना, नारियल का दूध लगाना, लैवेंडर के तेल से मालिश करना भी शामिल है.

## शब्द सामर्थ्य -117

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. चोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 116 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | स्ता | | | सि | स | की | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## निकिता रावल ने रेड आउटफिट में बिखेरा हुस्न का जलवा

एक्ट्रेस निकिता रावल एक सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। वहीं, निकिता रावल ने लेटेस्ट ग्लैमरस आउटफिट के साथ अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल का ये अंदाज फैंस का काफी लुभा रहा है। हॉटनेस और ग्लैमरस अंदाज की मालकिन निकिता रावल फैंस पर कहर बरपाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल ने रेड कलर की लेटेस्ट आउटफिट में कई बोल्ड पोज दिए। उनकी ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लेटेस्ट हॉट लुक में एक्ट्रेस निकिता रावल अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। निकिता रावल की तस्वीरों में इतनी कामुकता है कि फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर आहें भर रहे हैं। निकिता रावल की तस्वीरें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। खूबसूरत दीवा निकिता रावल हिट कॉमेडी फिल्म गरम मसाला में भी नजर आ चुकी हैं। तस्वीरों को देखकर लोग कमेंट्स कर रहे हैं।

# छिपछिपी में बिखरी अवस्था में पड़ी है प्राचीन मूर्तियां:पांडे

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से बिलासपुर मार्ग में 20 किमी दूर ग्राम छिपछिपी में पुरातात्विक विरासत बिखरी पड़ी है। यहां सैकड़ों वर्ष पुरानी भगवान विष्णु की विहंगम प्रतिमा देखकर सहजता से पता चलता है कि यहां प्राचीन विरासत और संस्कृति छिपी है। इस गांव का इतिहास काफी पुराना है। यहां कई स्थानों पर मूर्तियां प्राचीन गुफाएं पहले छुपी हुई थी। इसलिए इस गांव का नाम छुप-छुपी हो था जो ग्रामीण जनों की बोलचाल की भाषा में परिवर्तित होते हुए छिपछिपी हो गया तथा जिस स्थान पर यह प्राचीन मूर्तियां प्राप्त हुई है उसे मूरत पारा के नाम से जानते हैं।

इतिहासकार डॉ विनोद कुमार पांडे ने बताया की कुछ ग्रामीणों का मानना है कि युद्ध के समय धोरेल शाह राजा जो पूर्व कोरिया रियासत के राजा थे आसपास की रियासतों से युद्ध के कारण यहां छुपकर आराम करता था एवं वह युद्ध की तैयारी करता था। इस कारण इस जगह का नाम छिपछिपी पड़ा और यह मूर्तियां भी शायद उसी के द्वारा बनवाई गई हो। ग्राम छिपछिपी में प्राप्त मूर्तियां लगभग हजारों वर्ष पुरानी जान पड़ती हैं।

स्थानीय लोग बताते हैं कि कुछ वर्षों पूर्व यहां मूर्तियों के साथ प्राचीन बर्तन भी मिले थे। अज्ञानता के कारण ग्रामीण जन प्राचीन बर्तनों तथा मूर्तियों को उठाकर ले गए। यहां एक सीढ़ी भी बनी हुई है जो सुरंगनुमा है तथा नीचे की ओर जाती है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अगर इस स्थान की खुदाई की जाये तो बहुत सी पुरातत्विक मूर्तियां और वस्तुएं मिल सकती हैं। इतिहासकार डॉ विनोद पांडे बताते है की ग्रामीण जनों के मुताबिक 1960 में यहां सुखराम बाबा नामक संत आए थे और उन्होंने दुर्गम जंगल के अंदर एक दीमक की बांबी देखी और उसे खोद कर देखा तो उसके अंदर भगवान विष्णु के दशावतार वाली मूर्ति निकली। इसके साथ ही अन्य कई देवी-देवताओं की मूर्ति निकली। इन सभी मूर्तियां को ग्रामीण जनों ने वृक्ष के नीचे रख दिया। खुले में धूप पानी की वजह से यह मूर्तियां खराब हो रही है इसे सहेजने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा की मनेंद्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी नया जिला बना है। कलेक्टर जो की जिला पुरातत्व संघ के अध्यक्ष भी होते हैं वे स्वयं पुरातत्व व पर्यटन में काफी रूचि रखते हैं। उनसे चर्चा कर इन बिखरी पड़ी मूर्तियों को संरक्षित करने का शीघ्र प्रयास किया जायेगा।

## कलेक्टर के निर्देश पर शहर में जीर्ण-शीर्ण नजुल नक्शों का सर्वे का कार्य पूर्ण, अब जल्द तैयार होगा नवीन नक्शा

### जिले के 6 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में शामिल करने की कार्यवाही पूर्णता की ओर

**कोरिय।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व से संबंधित विभिन्न प्रकरणों, अविवादित व विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन के प्रकरणों, बंटोबस्त अभिलेख सुधार, धारा 170(ख), नक्शा बटांकन शासन की आय बढ़ाने के उपायों की समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली।

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर शहर में जीर्ण-शीर्ण नक्शों के वजह से अनेक शासकीय योजनाए तथा कार्य प्रभावित हो रहे थे, तथा नक्शों के कारण ही नजुल भूमि विक्रय के अनेक प्रकरण लंबित थे,और कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने इसकी आवश्यकता को महसूस करते हुए समय सीमा में नवीन सर्वे कर नवीन नक्शा बनाए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद बैकुण्ठपुर शहर के भटठीपारा, प्रेमाबाग, बाजारपारा एवं सिविल लाईन का सर्वे कार्य कर नक्शा तैयार कर लिया गया है व बाईसागर पारा के सर्वे का कार्य किया गया,और अब नक्शा तैयार किया जाना शेष है। वही वन ग्राम से राजस्व ग्राम में शामिल होने वाले ग्रामों में तहसील बैकुण्ठपुर के अंतर्गत ग्राम धरमपुर, जगदीशपुर, दुर्गापुर, मदनपुर तथा सोनहत तहसील के अंतर्गत ग्राम आंनंदपुर ,लोलकीपारा को शामिल किया गया है। जिसका द्वितीय चरण का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है,तथा राजस्व ग्राम में शामिल करने हेतु नक्शा आई.आई.टी. रूड़की को भेजा जा चुका है। इसी प्रकार बैठक में राजस्व अधिकारियों ने बताया कि तिरंगा पटटा अभिलेख में जिले के कुल 514 हितग्राहियों को तिरंगा पटटा दिया जाना है, जिसका अभिलेख दुरूस्ती कार्य सोनहत में पूर्णता की ओर तथा बैकुण्ठपुर में जल्द ही इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। राजस्व अधिकारीयों की बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को शासकीय कार्यो को ईमानदारी पूर्वक करने हेतु निर्देशित करने को कहा,उन्होने कहा कि जो अधिकारी कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतेंगे उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर ने ली निर्वाचन अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में बुधवार को निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मतदान से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आवेदन पत्र प्राप्त करने से लेकर जाँच, छँटनी और स्वीकृति के लिए आवश्यक नियम कानून की जानकारी प्रशिक्षण में देने के निर्देश दिये। बैठक में अधिकारियों के कार्य विभाजन और दायित्व पर भी चर्चा किया गया।

## बैठक कल

**कोरिया।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में दिनांक 07 जुलाई 2023 को सायं 4:30 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है।

## जमीन फर्जीवाड़ा कर बिक्री के मामले में पटवारी निलंबित

**कोरिया।** राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कलेक्टर कोरिया की बड़ी कार्रवाई जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप चेर की जमीन मामले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरिया, बैकुण्ठपुर (छ0ग0) से प्राप्त निर्देश के परिपालन में मो0 शब्बीर पटवारी हल्का नं0 10 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0) के विरुद्ध शिकायती पत्र समाचार एवं जनचौपाल आवेदन अनुसार प्रश्नगत भूमि नं0 255 / 2 वर्तमान रकबा 0.6070 है0 भूमि ग्राम चेर तहसील बैकुण्ठपुर के खसरे में पूर्व में अहस्तातरणीय शब्द प्रदर्शित था जो खरीदी बिक्री में पंजीयन योग्य नही थी. रजिस्ट्री में प्रयुक्त बी-1 एवं खसरा में अहस्तातरणीय शब्द को हटा दिया गया।

वर्ष 1946-47 अभिलेख अनुसार उक्त भूमि तत्समय कन0 255 छोटे-बड़े झाड़ जंगल मद की थी, जिसमें से रकबा 0.405 है0 भूमि सिंहदेव योजनान्तर्गत वर्ष 1971-72 में बाघराय धरकार को शासकीय पट्टे में प्रदाय किया गया, जो कि बाघराय के मृत्यु उपरांत उसके उत्तराधिकारी हरिराम व कृष्णा नायक के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुआ । उक्त विवादित भूमि ख0नं0 255 / 2 रकबा बढ़ाकर 0.607 है0 भूमि का नक्शा 259 के सामने दर्शाया गया है। चौहदी बैंक से लोन लेने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ था तो उक्त आवेदन पत्र के अनुरूप चौहदी नक्शा में बैंक से लोन हेतु उल्लेख होना चाहिए था, जो नहीं है। पूर्व में अवकाश पर गये पटवारी के अवकाश तिथि के समाप्ति 26 नवम्बर के बाद 29.11.2022 को पूर्व के पटवारी वाल्मिक मिश्रा के नाम पर भुईया पोर्टल में आई.डी. पुनः जनरेट किया गया। 29.11.2022 को आई.डी. में जनरेट किया जाना संदेहास्पद है अर्थात विलंब से आई.डी. जनरेट किया गया। पटवारी द्वारा दुर्भिसंधि कर शासकीय भूमि को निजी भूमिस्वामी हक में परिवर्तित कर दिया गया और निजी पक्ष को लाभ पहुँचाने के प्रयोजनार्थ एवं शासकीय अभिलेख संरक्षक होते हुए भी शासन के पक्ष में संरक्षण करने के बजाय शासन को ही हानि पहुँचाई गई है। पटवारी द्वारा पदीय दायित्व का निर्वहन नही किया गया एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) से 3 तक का घोर उल्लंघन किये जाने के कारण कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतएव उपरोक्तानुसार शिकायती जाँच प्रतिवेदन, जो प्रथम दृष्टियों सही पाये जाने पर संबंधित पटवारी हल्का नंम्बर 10 मो0 शब्बीर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 09 (1) के तहत इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में शासन के नियमानुसार इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (10) बैकुण्ठपुर कार्यालय में नियत किया जाता है।

## संभागायुक्त ने किया तत्कालीन तहसीलदार बैकुण्ठपुर मनहरण राठिया को निलंबित



**कोरिया।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के ग्राम चेर में खसरा नम्बर 255/2 (छोटे-बड़े झाड़ जंगल मद) की भूमि के विषय में समाचार पत्रों व जन चौपाल में शिकायत प्राप्त होने पर जिले के अपर कलेक्टर से जाँच कराई गयी। जाँच प्रतिवेदन में प्राप्त तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर तत्कालीन तहसीलदार बैकुण्ठपुर मनहरण राठिया दोषी पाया गया हैं। श्री राठिया का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के सर्वथा विपरीत है। संभागायुक्त सरगुजा संभाग ने मनहरण राठिया तत्कालीन तहसीलदार बैकुण्ठपुर वर्तमान में तहसीलदार जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। श्री राठिया को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर निर्धारित किया जाता है।

## सड़कों की स्थिति बदहाल,नेता प्रतिपक्ष ने निराकरण कराने पहल की

**कोरिया।** बैकुंठपुर बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह नगर पालिका क्षेत्र के समस्याओं को लेकर हमेशा से मुखर रही हैं और नगर की समस्याओं के बारे में नगर पालिका प्रशासन को ध्यान आकर्षित करते रहती है निश्चित तौर पर इनके द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है गत बरसात शुरू होते ही कई जगह सड़कों पर पानी जमा होने के चलते सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें राहगीरों को कई बार गंभीर चोट लगने की संभावना बनी हुई है नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने नगर पालिका अधिकारी से निवेदन करते हुए पत्र लिखा है कि जनपद के पास बहुत ज्यादा पानी का जमाव रहने के कारण सड़क पर बड़े-बड़े कई गड्ढे हो गए हैं शहर का गौरव पथ यह है इस सड़क मार्ग के अगल-बगल पर कई महत्वपूर्ण विभाग स्थापित है इस मार्ग पर हमेशा भीड़ भाड़ बना रहता है इस समस्या का स्थाई निराकरण करने की आवश्यकता है। बैकुंठपुर शहर न्यू बस स्टैंड गेट क्रमांक एक पर भी बड़े गड्ढे हैं जिस पर छोटी दोपहिया चालक कई बार गिरकर घायल हो चुके हैं गड्ढे का मरम्मत करवाने की जरूरत है। पुराना बस स्टैंड नगर पालिका कंपलेक्स दुकान के सामने पानी का भराव रहता है स्थानीय दुकानदारों को कई प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है बरसात के पानी का निकासी की अत्यंतआवश्यकता है। वार्ड नंबर 16 में बरसात के दिनों में खुली हुई नालियां में कई प्रकार के विषैले जीव जंतु निकलकर घरों में प्रवेश करने की संभावना भय का वातावरण बना रहता है नालियों में ढक्कन लगाकर सुरक्षित करने की उपरोक्त मांगों को लेकर नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने नगरपालिका अधिकारी बैकुंठपुर कोरिया का ध्यान आकर्षण कराते हुए कार्यों को पूर्ण कराने का आग्रह किया है।

## प्रवेश उत्सव के अवसर पर ज्ञान में दक्ष करने हेतु लिया संकल्प

**कोरिया।** बैकुंठपुर शाला प्रबंध समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा शिक्षकों के साथ मिलकर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर , मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। प्रधान पाठक दिलीप सिंह मार्को व सहायक शिक्षक रुद्र प्रताप सिंह राणा के आह्वान पर सैकड़ों पलकों ने शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अपनी उपस्थिति दी। लोगों ने सपथ के साथ शत - प्रतिशत उपस्थिति हेतु संकल्प लिया। विद्यालय के बच्चों ने वाद्ययंत्र के साथ राजकीय गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी । इस अवसर पर पड़ोसी जिले से आए हुए शिक्षक लोकगीत , देश भक्ति व शिक्षाप्रद गीतों की प्रस्तुति दी ।संतोष प्रजापति , शिक्षक परासी,नीरज चौधरी ,संगीत शिक्षक (एकलव्य विद्यालय, गौरेला ), अनिल परस्से संगीत शिक्षक (एकलव्य विद्यालय पेंड्रा )सुरेंद्र श्याम ( बांसुरी वादक , कोतमा म. प्र.) में विशेष आमंत्रित सदस्य इस शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए । शाला प्रबंध समिति ने लापरवाह पालकों के लिए एक योजना बनाकर लोगों से सहमति ली।

# मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिये ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जाएंगे शिविर

### दिव्यांग जोड़े को निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ दिलाने त्वरित कार्यवाही के भी निर्देश

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण करने तथा उच्च न्यायालय के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए वन, कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से वर्मी कम्पोस्ट खाद हेतु मांग पत्र शीघ्र भेजने के निर्देश देते हुए मांग के अनुरूप उठाव करना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सहायक पंजीयक सहकारिता से जिले में रासायनिक दुकानों के सम्बंध में जानकारी ली तथा राजस्व अधिकारियों को दुकानों में जाकर लगातार जाँच करने के निर्देश दिये। राशायनिक खाद की बिक्री में किसी भी तरह की लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्धारित समय में कृषकों को खाद-बीज की उपलब्ध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जल जनित व मौसमी बिमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए लोगो के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और जितने भी कार्य पूर्ण हो गए है, उन्हे पोर्टल में अपडेट करने को कहा। बैठक में मनेंद्रगढ़ एसडीएम अभिषेक सिंह, अपर संयुक्त कलेक्टर नयनतारा तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण भगत, संयुक्त कलेक्टर अभिलाषा पैकरा, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समय सीमा की बैठक के बाद आयोजित जनदर्शन में 38 लोगों ने विभिन्न शिकायतों और माँग से जुड़े आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को आवेदनों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में चिरमिरी निवासी दिव्यांग जोड़े ने निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन किया। कलेक्टर श्री दुग्गा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को योजना के तहत दोनों के निःशक्त होने पर 1,00,000/- रुपये मात्र (एकमुश्त) दिलाने के लिए कागज़ी कार्यवाही पूर्ण कर योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर के त्वरित पहल से दिव्यांग जोड़ा खुश हुआ। उन्होंने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह से ज़िला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा को 2 बच्चों को छात्रावास में भर्ती कराने और उन्हें निःशुल्क शिक्षा दिलाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये।

## घरेलू विवाद के बाद सगे भाई पर कर दिया धारदार हथियार से हमला

**एमसीबी।** जिले के पोंडी थाना अंतर्गत साजापहाड़ में मामूली विवाद के बाद गालीगलौज कर एक युवक ने अपने सगे भाई पर ही धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। हमले के बाद घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। थाना प्रभारी पोंडी सुनील सिंह ने बताया की 4 जुलाई 2023 की रात लगभग 12.30 बजे प्रार्थी बृधराम पिता स्वर्गीय राम सिंह निवासी साजापहाड़ महुआखाड़ी लहूलुहान हालत में पोंडी थाना आया। उसके सिर में काफी चोट लगी थी। उसने बताया की घरेलू विवाद पर हत्या करने की नीयत से गाली गलौज कर उसका सगा भाई प्रदीप सिंह द्वारा फरसा जैसे हथियार से वार किया तो सिर में चोट लगी है। दुबारा मारने को हुआ तो भाग कर थाना आ गया। घायल की स्थिति को देखते हुए तत्काल उसे सामुदायिक अस्पताल में भेजा गया और आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 307,506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी गई। उनके द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये निर्देशित किया गया। प्रकरण में आरोपी घटना घटित फरार हो गया था जिसके बाद अतिरिक्त निमेष बरैया और नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी पीपी सिंह के निर्देश में थाना प्रभारी द्वारा तत्काल विशेष टीम बनाकर और साजापहाड़ के कुछ स्थानीय लोगों को साथ लेकर घटनास्थल पर गये और फरार आरोपी जो जंगल की ओर भाग गया था उसकी तलाश की गई। आरोपी पुलिस को चकमा देकर पहाड़ियों में रात में छिपता रहा लेकिन आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उससे घटना में उपयोग किया गया हथियार जप्त कर लिया गया और आरोपी प्रदीप सिंह उर्फ बलवीर सिंह पिता स्वर्गीय राम सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी साजापहाड़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी पोंडी उप निरीक्षक सुनील सिंह, प्रधान आरक्षक दानिश शेख, अशोक एक्का, संदीप बागिस, आरक्षक मोहम्मद शाहबाज, नवाजुद्दीन सैनिक संतोष सिंह, नितेश्वर मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

## आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण के संबंध में 30 जून को आहूत की गई थी बैठक में कलेक्टर ने जिले में प्राप्त नियमितिकरण के आवेदन तथा शास्ति राशि के जमा न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने ऐसे भवन जो अनाधिकृत निर्माण के दायरे में आते है, एवं नियमितिकरण हेतु आवेदन जमा नही किये है व जिस भवन का अधिरोपित शास्ति राशि जमा नहीं हुआ है, सभी पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राo) व संबंधित अधिकारी को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश ने बताया है कि छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास को नियमितिकरण विधेयक में आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई 2023 निर्धारित किया गया है।

## राज्य सरकार की योजनाओं को अपना बताकर किसानों को भ्रमित करना चाहते है भाजपा के केन्द्रीय मंत्री: मिश्रा

**मनेंद्रगढ़।** विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही बयानबाजी का दौर भी तेज हो गया है जहां एक तरफ केंद्रीय मंत्रियों ने किसानों के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार को घेरने में कोई कमी नहीं छोड़ी है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता भी जमकर पलटवार कर रहें है।

जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने बयान जारी करते हुए कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार देश की एक मात्र ऐसी सरकार है जो किसान को सशक्त बनाने का काम कर रही है। आज प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू करके राज्य के किसानों के धान की खरीदी 2640 रु प्रति क्विंटल में की जा रही है जहां 2017- 18 में 12 लाख किसानों ने 56.8 लाख मीट्रिक टन धान बेचा, वही राजीव गांधी किसान न्याय योजना आने बाद 2022- 23 में 24.97 लाख किसानों ने धान बेचा 110 लाख मीट्रिक टन धान बेचा, जिससे उन किसानों के खाते में लगभग 19000 करोड़ रू का भुगतान किया जा चुका है आज प्रदेश में प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। जिला प्रवक्ता मिश्रा ने कहा की आज धान खरीदी के साथ ही प्रदेश में 65 लघु वनोपजो का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। पशुपालकों को मजबूत करने के लिए गोधन न्याय योजना लागू करके 2 रु प्रति किलो गोबर और 4 रु प्रति लीटर गो मूत्र खरीदी की जिसमें पशुपालकों को 430 करोड़ रू से ज्यादा भुगतान किया गया। 26 लाख क्विंटल जैविक खाद की बिक्री, 60 हज़ार लीटर जैविक कीटनाशक तैयार किए गए हैं।

# रेल सुविधा पर छलावा : विधानसभा चुनाव पर असर डाल सकता है मसला

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहित जोन के लिए सबसे ज्यादा राजस्व देने के बावजूद कोरबा की उपेक्षा का मसला काफी समय से लोगों को परेशान किये हुए है। आश्वासन से ज्यादा किसी प्रकार के काम रेल सुविधा के मामले में नहीं किये जा रहे हैं। ऐसे में हर तरफ से नाराजगी बढ़ रही है। कोरबा जिले में जनता इसके चक्कर में त्रस्त है। चुनाव का सीजन नजदीक आने के साथ इस पर हर कहीं बात हो रही है और अब कहा जा रहा है कि पानी, बिजली, सड़क से अलग रेल सुविधा का मामला विधानसभा चुनाव पर असर डाल सकता है।

अगर जनता ने इस पर पूरी गंभीरता दिखाई तो विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी और विपक्ष को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। कारण बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ की गठन के बाद से खासतौर पर कोरबा जिले में रेल गाड़ियों की लेटलतीफी से लेकर उन्हें कभी भी बंद कर देने और विभिन्न मार्गों के लिए नई गाड़ियों की मांग को बेहद हल्के से लेने के आरोप रेलवे पर लगते रहे हैं। इस मामले में सरकार के साथ-साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी जनता के निशाने पर हैं।

इससे पहले कुछ मौकों पर किये गए विरोध प्रदर्शन के बहुत ज्यादा परिणाम सामने नहीं आ सके हैं। रेल प्रबंधन की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है और अब यह नागरिकों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। विधानसभा चुनाव इस वर्ष के अंत तक होने संभावित हैं। इसलिए माना जा रहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की फार्म अधिसूचना जारी होने तक ही बनी रह सकती है। उसके बाद परिस्थितियां अलग होंगी। छत्तीसगढ़ में इससे पहले तक कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुकाबले की स्थिति बनती रही है। अलग-अलग कारणों से लोगों के वोट उसे मिलते रहे हैं लेकिन कोरबा जिले की रेलवे से जुड़े मुद्दे पर उपेक्षा का मामला जगजाहिर है और अब इसी बात को लेकर इनके नेता जनता के पास जाने के लिए मंथन कर रहे हैं। जबकि इस मुद्दे पर दोनों को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश आम आदमी पार्टी कर रही है। जिसने जिले में अपनी सक्रियता के दौरान अब तक ऐसा कोई ठोस काम नहीं किया है जिससे लोग उसे भाव दे। इन सबके बीच अलग-अलग माध्यम से रेल सुविधा और उपेक्षा का विषय सुर्खियों पर है। जानकारों का मानना है कि अगर वोट के लिए रूपये से लेकर दूसरी चीजें लेने के बजाय जनता बड़े मुद्दों को ध्यान में रखती है तो विधानसभा चुनाव में लड़ाई काफी रोचक और कठिन हो सकती है।

### पैसे पर टिका है दारोमदार

भले ही निर्वाचन आयोग चुनाव के लिए व्यय सीमा निर्धारित करता है और इसके लिए प्रत्याशियों से पूरे चुनाव के दौरान खर्च के बिल भी मांगता है लेकिन यह बात जगजाहिर है कि हर कहीं सीमा से कई गुना ज्यादा धनराशि खर्च होती है। यह प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों स्तर से प्रदर्शन में शामिल होती है। इन सबकी जानकारी आयोग को नहीं होती होगी, ऐसा संभव नहीं है। राजनीति से जुड़े जानकार बताते हैं कि अगर चुनाव के तौर-तरीकों को समझने के साथ कार्रवाई की जाए तो बहुत सारे लोगों को अपनी फील्ड बदलने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

# भारी-भरकम पेड़ के गिरने से पांच खंभे के बिजली तार क्षतिग्रस्त

### चुईया नाला के पास व्यवस्था की जा रही सामान्य

**कोरबा।** बिजली वितरण कंपनी के कोरबा ग्रामीण संभाग के अंतर्गत कुदमुरा-बरपाली मार्ग पर चुईया नाला के पास भारी-भरकम पेड़ के गिरने से पांच बिजली खंभे पर आधारित लाइन टूट गई और उनका तार खींचा गया है। लाइन के गिरने से आसपास की आपूर्ति बाधित हो गई। कई गांव इससे प्रभावित हुए हैं। कई घंटे परेशानी झेलने के बाद आज से वितरण कंपनी ने संसाधन मुहैया कराकर व्यवस्था को सामान्य करना शुरू किया है।

गरज-चमक के साथ मौसम के रूप में अचानक परिवर्तन के दौरान कुदमुरा से दो किलोमीटर आगे यह घटना हुई। बताया गया कि चुईया नाला से होकर आगे जाने वाली विद्युत लाइन के पांच खंभे से जुड़ी लाइन पर समस्या निर्मित हो गई। कटकोना, जिल्ला, बरपाली सहित बड़े हिस्से में आपूर्ति पर इसका असर पड़ा। बारिश और गर्मी के बीच इस घटना के होने से ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को समस्याओं से जूझना पड़ा। कई स्तर से बिजली कंपनी को खबर दिए जाने पर समय से यहां पर मैदानी अमला उपस्थित हुआ। वितरण कंपनी के जूनियर इंजीनियर ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र को राहत देने के लिए नए खंभे लगाने के साथ फौरी तौर

पर लाइन बिछायी जा रही है। अगले तीन घंटों में समस्या का हल कर लिया जाएगा। इस बारे में आसपास के उपभोक्ताओं को अलग-अलग माध्यम से सूचना दी गई है। लोगों को बताया गया है कि प्राकृतिक कारणों से यहां पर समस्या पैदा हुई है और जल्द ही इसे निराकृत करने की कोशिश की जा रही है।

### शिष्टा की बैठक ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**कोरबा।** शिष्टा की बैठक पिछले दिनों जेपी कालोनी स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई । राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी.खांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके अलावा एसआर निराला,ताहरू राम, छतराम ने भी कई सुझाव दिए आने वाले दिनों में कई समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा जाएगा। जिसमें रोस्टक पालन के लिए कहा जाएगा। एरिया में आईआर बैठक के अलावा मुख्यालय में भी आईआर बैठक होती है। मुख्यालय में आयोजित बैठक में एरिया की समस्याओं को रखा जाता है।

# मारपीट के मामले का फरार वारंटी पकड़ाया

**कोरबा।** न्यायालय द्वारा 8 वर्ष पूर्व मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार आरोपी को वारंट जारी किये जाने पर उसे तामिली करते हुए मोरगा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेशानुसार कल उपजेल कटघोरा दाखिल करा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बांगों थाने की मोरगा पुलिस चौकी क्षेत्रातंर्गत ग्राम कांपा के नवापारा निवासी रतीराम धनवार उम्र 30 पिता सुखराज धनवार वर्ष 2005 में आपसी रंजीश को लेकर पड़ोसी के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले का प्रकलन न्यायालय में

विचाराधीन था। आरोपी न्यायालय में पेशी तारीख को उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय द्वारा वारंट जारी किये जाने पर मोरगा चौकी प्रभारी अश्वनी निरंकारी ने हमराह स्टाफ के साथ आरोपी को पकड़कर कोर्ट के आदेशानुसार उसे उपजेल कटघोरा दाखिल कर दिया।

# शिव महापुराण का आयोजन

बालकोनगर। सावन का पवित्र मास शुरु होने के साथ ही पूरा कोरबा जिला शिव शंकर की आराधना में जुटा हुआ है। इसके साथ ही कई तरह के धार्मिक आयोजनों का सिलसिला भी शुरु हो गया है। बालको सेवा समिती द्वारा स्थानीय राम मंदिर में शिव महापुराण व रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा निकालकर इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत की गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां शामिल हुई। पांच जुलाई से 15 जुलाई के मध्य यह आयोजन चलेगा। बालको सेवा समिती के अध्यक्ष हितानंद अग्रवाल ने इस आयोजन में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की अपील की है।

# हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** सड़क हादसे में उरगा थानाअंतर्गत मड़वारानी पुरैना मार्ग में कल घायल हुए युवक की मौत होने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को आज सुबह पंचनामा कार्यवाही के उपरांत पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिए। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पुरैना निवासी श्याममल उम्र 27 पिता बृंदराम कल देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले की डायरी उरगा पुलिस को विवेचना के लिए भेजी जा रही है।

# सुरक्षा सामाग्री और आईकार्ड दिए गए बिजली कर्मियों को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड ने कर्मचारियों की सुविधाओं को लेकर ध्यान देना शुरू किया है। कर्मचारी संगठन के द्वारा लगातार बताई जा रही समस्या को संज्ञान में लेने के साथ इस तरफ अगली कार्रवाई की गई है। प्राथमिकता के साथ नियमित कर्मचारियों को जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई गई है और इसके बाद संविदा कर्मियों को इन सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा।

मैदानी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी इस बात से परेशान थे कि असुरक्षित माहौल में उन्हें काम करना पड़ रहा है और इस के चक्कर में कई प्रकार की चुनौतियां उनके सामने बनी हुई है। वितरण कंपनी के अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया जिस पर अधिकारियों ने गंभीरता दिखाई । वितरण कंपनी ने इस पर अगला काम किया और नियमित कर्मचारियों को सुरक्षा सामग्री के साथ आई कार्ड भी दिए। वितरण कंपनी के शहर संभाग के कार्यपालक अभियंता अनुपम सरकार ने कर्मियों को आई कार्ड देकर उनकी परेशानी कम की। बिजली कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष यशवंत राठौर ने बताया कि कार्य संपादन के दौरान कई प्रकार की समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। नई व्यवस्था से कुछ राहत मिलेगी।

राठौर ने बताया कि अपने कार्यों से इस कार्यालय में आने वाली महिला उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रसाधन गृह का निर्माण कराया गया है। बिजली कंपनी के इस निर्णय से कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलती नजर आ रही है।

### मृतावस्था में अधेड़ लाया गया अस्पताल

**कोरबा।** आज तड़के साढ़े तीन बजे के लगभग हालत बिगड़ने पर सिविल लाईन रामपुर थाना अंतर्गत कांशीनगर बस्ती निवासी एक अधेड़ को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कांशीनगर बस्ती निवासी संतराम साहू उम्र 53 पिता बुलानी साहू की हालत आज तड़के तीन बजे के लगभग काफी बिगड़ गई। उसे छटपटाते देख परिजन उपचार के लिए कोरबा जिला अस्पताल ले गए, वहां आपातकालीन ड्यूटी में पदस्थ चिकित्सक ने उसे देखते ही परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के वार्ड ब्वाय की सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पंचनामा के उपरांत पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

# चौकी प्रभारी की तत्परता से करूमौहा में टली खूनी वारदात

### ट्रैक्टर का लेन देन बना विवाद का जड़

**कोरबा।** बालको थाने को रजगामार चौकी क्षेत्रांतगत ग्राम करूमौहा में ट्रैक्टर के रूपए लेन देन को लेकर मतभेद होने पर कुछ माह पूर्व भीषण बलवा होने के बाद पुनः खूनी वारदात को अजांम देने पर उतारू हो गए थे। उभय पक्षों के विरूद्ध तत्परता से कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उनका प्रकरण एसडीएम न्यायालय में विचारणार्थ आज पेश कर दिया। रजगामार चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम करूमौहा निवासी संतराम कुर्रे उम्र 74 वर्ष तथा पिता पुसुराम कुर्रे तथा गंगाराम राठे उम्र 29 पिता जनकराम राठे आपस में रिश्तेदार हैं। वर्ष 2019 में ये दोनों आपस में साझे में ट्रैक्टर, ट्रॉली

एवं नागर कैचवेल खरीदे थे। इधर एक वर्ष से इनके मध्य ट्रैक्टर के रूपए के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। तीन माह पूर्व इनके परिवारों में भीषण बलवा भी हुआ था जिसका मामला न्यायालय में चल रहा है। इनके मध्य खूनी वारदात को अंजाम देने की सुलग रही आग को देखते हुए चौकी प्रभारी अजय सिंह ने इनके विरूद्ध 107, 16 की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर मामला एसडीएम कोर्ट भेज दिया।

# तकनीकी खराबी ने छुरीकला में पानी सप्लाई रोकी, परेशान हो रही जनता

### चार दिन से समस्या बनी है इलाके में

**छुरीकला।** नगर पंचायत क्षेत्र में किये जा रहे जल आपूर्ति मोटर केबल खराब होने से पिछले चार दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह ठप्प है। इससे लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधि पानी समस्या हल करने के दावे कर रहे हैं लेकिन हकीकत कुछ और है। नगर पंचायत क्षेत्र में नल जल आपूर्ति मोटरपंप के द्वारा किया जाता है।

मोटरपंप का केबल खराब होने से चार दिनों से नगर में पेयजल आपूर्ति ठप्प है। पेयजल आपूर्ति बंद होने से पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। आसपास हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है । बताया जाता है कि आये दिन पेयजल आपूर्ति में समस्या बनी रहती है कभी मोटर खराब होना तो कभी केबल जल जाना तो कभी पाइप लाइन फूट जाना कुछ न कुछ समस्या आती रहती है। इसे सुधारने में तीन से चार दिन लग जाता है। उल्लेखनीय है कि पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए शासन द्वारा अलग अलग मद में राशि दी जाती है राशि होने के बाद स्टाक में अतिरिक्त मोटरपंप और केबल खरीद कर नहीं रखे जाने से समस्या खड़ी हो रही है। नगर पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की हठधर्मिता के कारण नगरवासियों को एक बाल्टी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं जनप्रतिनिधि नगर के अन्य कार्य के साथ-साथ पानी समस्या पर फोकस किया जाता तो नगर क्षेत्र में पानी आपूर्ति सुचारू रूप से किया जा सकता था । नगर के इंदिरा चौक वार्ड क्रमांक 7 और 10 के लोगों के लिए पानी समस्या अभिशाप बन गई है। इस वार्ड में पेयजल आपूर्ति की कोई निर्धारित समय सीमा तय नहीं है जब मन पड़ा पेयजल आपूर्ति कर दिया नहीं तो बंद, इंदिरा चौक में मात्र एक हैंडपंप लगाया गया है। इसमें भी केमिकलयुक्त पानी निकलने से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस वार्ड के पार्षद लोगों के समस्याओं की सुध नहीं ले रहे हैं।

### महापौर का दौरा

**कोरबा।** नगर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड नंबर 30 और 31 के अंतर्गत आने वाले खरमोरा और दादर ईलाके का निरिक्षण कर वहां मौजूद सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ ही आम जनता की समस्याओं से अवगत हुए। क्षेत्र में पसरी गंदगी की सफाई करने को लेकर और निगम के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिती से निपटने उन्होंने जरुरी कदम उठाने की बात कही है। इसके साथ ही उहोंने दादर के मिडिल स्कूल में सरस्वती सायकल योजना के तहत विभिन्न छात्राओं को सायकल प्रदान की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रधानमंत्री की सभा कल, आज रवाना होंगे जिले से कार्यकर्ता

**कोरबा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रायपुर आगमन पर यहां के भाजपा कार्यकर्ता आज शाम को ही बसो से रायपुर के रवाना हो जाएगें । खासकर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में रायपुर जाने के लिए व्यापक उत्सव है। विधान सभा सह प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर बैठक ली है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ को तैयारी करने कहा है। चांपा विधान सभा के सह प्रभारी सुभाष राठौर भी जांजगीर में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। रायगढ़ विधानसभा के सह प्रभारी उत्तम रनघावा के द्वारा भी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए गए है। मस्तुरी क्षेत्र के विधान सभा क्षेत्र के सह प्रभारी दिनेश केश्रवानी के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इसी तरह पोड़ी प्रभारी अनुराग दुहलानी कटघोरा प्रभारी विवेक

मारकड़े के अलावा शमजीत सिंह, जय गल, दिनेश सेन, टिक्कू रंजन, सिद्धात नारायण सोनी, धर्नजय चौहान, प्रकाश यादव, किशन साव, शुभभ हलवाई अपने अपने मड़लो से कार्यकर्ताओं को ले जाने की तैयारी कर रहे है। कल शाम को जिला भाजपा कार्यकर्मा में बैठक हुई । जिसमें क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित थे। सभी क्षेत्रों को अलग-अलग बस दिए गए है। आज शाम को कार्यकर्ता बसो से रायपुर के लिए रवाना हो जाएगें। वहां खाने-पीने व ठहरने की व्यवस्था है।

# आंदोलन के बाद एसकेएमएस का प्रभाव बढ़ा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में 11 वें वेतन समझौते को लागू कराने के लिए एसकेएमएस के द्वारा प्रदर्शन किया गया था। आंदोलन के बाद बढ़े हुए दर का वेतन मिलने का आदेश आ गया है। एसकेएमएस का प्रभाव बढ़ने लगा है। एसकेएमएस ने वेतन समझौता के लिए काफी दबाव बनाया था। एसईसीएल के महामंत्री हरिद्वार सिंह के दौरा सभी ईकाईयो से प्रस्ताव मगाएं गए थे। इसके बाद एसईसीएल स्तर पर वेतन समझौते को लेकर चर्चा की गई। हरिद्वार सिंह ने जेबी सिंचाई बैठक में इन सब मुद्दो को रखा। समझौता हो जाने के बाद एसकेएमएस के गेवरा एरिया अध्यक्ष एलपी अगरिया व महामंत्री दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के बाद एसकेएमस का गेवरा में प्रभाव बढ़ा है। माना जा रहा है कि सत्यापन के दौरान इसका असर दिखाई देगा इस सबंध में दीपक उपाध्याय ने बताया कि और भी कई मांगो को प्रबंधन के सामने रखा गया है।

## हम नहीं मानते प्रतिबंध, जरूर मारेंगे मछली

15 जून से 15 अक्टूबर का समय मछलियों के प्रजनन काल होता है। इसलिए मत्स्य पालन विभाग हर बार इस अवधि में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित करता है। इसे मानने की जरूरत विभिन्न क्षेत्रों में मछुआरे महसूस नहीं करते। कोरबा जिले में हसदेव बांगो परियोजना के डुबान क्षेत्र नवापारा की तरफ जाते हुए मछुआरे।

### स्ट्रीट लाईट नकारा साबित हो रहा

**कोरबा।** वार्ड 32 रिस्दी में लगाई गई स्ट्रीट लाईट बेमतलब साबित हो रही है। रात्रि में उजाला नहीं देने से उपयोगिता पर सवाल उठ रहा है और लोग परेशान है। पार्षद ने कहा कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए काम होना चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

आवश्यकता है
HOTEL SHREE MAHARAJA
T.P.NAGAR, KORBA 495677
ACCOUNTANT - 2 POST
COMPUTER OPERATOR - 2 POST
अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
CONTACT NO.
91798-66466

होटल देवांश लक्जरी रूम
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
नॉन AC डबल बेड 800/-
नॉन AC सिंगल बेड 650/-
Behind Tarun Chhattisgarh, Kunwabhatta, T. P. Nagar, Korba (C.G.)

होटल आकाश लक्जरी रूम
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
Tilak Marg, Budhwari Bypass Road, T. P. Nagar, KORBA, Dist. Korba (C.G.) 495 677

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com